दैनिक
करंट क्राइम
सिर्फ सच...
www.currentcrime.com
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली। मंगलवार 24 सितम्बर -2024 | ● वर्ष: 8 अंक: 345 पेज-08 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य: ₹3

जम्मू-कश्मीर में दूसरे चरण का चुनाव प्रचार थमा

26 सीटों पर बुधवार को होगा मतदान

जम्मू। जम्मू-कश्मीर विधानसभा के दूसरे चरण के लिए 26 सीटों पर होने वाले मतदान के लिए सोमवार को चुनाव प्रचार समाप्त हो गया। इस चरण में राजौरी, पुंछ, रियासी, गांदरबल, श्रीनगर और बडगाम जिलों के विधानसभा क्षेत्रों में होने वाले मतदान के लिए 239 उम्मीदवार अपना भाग्य आजमा रहे हैं।

गांदरबल में सबसे अधिक 15 और बुद्धल आरक्षित सीट के लिए सबसे कम चार उम्मीदवार मैदान में है। कुल 25.78 लाख मतदाता इन उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला करेंगे। मतदान बुधवार की सुबह सात बजे से लेकर शाम को छह बजे तक होगा।

सोमवार को चुनाव प्रचार का अंतिम दिन था। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने पुंछ के सुरनकोट और कश्मीर के सेंट्रल शाल्टेंग में रैली कर अपने उम्मीदवारों के लिए वोट मांगा तो कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अल्का लांबा, भाजपा सांसद तेजस्वी सूर्या, नेशनल कान्फ्रेंस के अध्यक्ष डॉ. फारूक अब्दुल्ला भी प्रचार करते नजर आए।

पाकिस्तान के इर्द-गिर्द घुमता रहा प्रचार-प्रसार : दूसरे चरण के प्रचार में इस बार राजनीतिक दलों का चुनाव प्रचार पाकिस्तान के ईद-गिर्द ही रहा। पाकिस्तान के विदेश मंत्री का बयान ही इस चरण में राजनीतिक दलों के लिए मुद्दा रहा।

इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम का शुरू हो गया है टेस्ट ट्रैफिक नियम तोड़ने वालों को पुलिस करेगी तेजी से अरेस्ट

- शहर के तीन स्थानों पर शुरू हुआ कार्यक्रम, नगर निगम की पहल का दिखेगा पुलिस कमिश्नरेट पर असर

- ट्रैफिक होगा फास्ट और हादसों में आयेगा सुधार

गाजियाबाद, करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद की सड़कों पर अब यातायात नियम की धज्जियां उड़ाने वालों पर पुलिस और ज्यादा एक्शन करेगी। इसके लिए नगर निगम के सहयोग से गाजियाबाद में इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम को रफ्तार बढ़ाने का प्रयास किया गया है। खुद नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा तीन कंपनियों को लाइव डेमो का टेंडर दिया गया है, जिसमें तीन कंपनियां शामिल हुई हैं।



इसमें एफकॉन नोएडा की कंपनी, एमपी की कंपनी टेक्नोसिस और दिल्ली की कंपनी वैक्सी द्वारा टेक्निकल प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। वर्तमान में शहर के तीन प्रमुख चौराहे जिसमें हापुड़ चुंगी, बुद्ध चौक वसुंधरा और सेठ मुकंद लाल चौराहे की रेड लाइट पर डेमो शुरू कर दिया गया है। अब गाजियाबाद में भी दिल्ली, बेंगलुरु और मुंबई की तर्ज पर यातायात नियमों को तोड़ने वाले वाहन चालकों पर ऑनलाइन कार्रवाई होगी। यहां नंबर प्लेट पर कैमरा जूम प्रक्रिया के तहत उसको फोकस करने वाले कैमरे लगाए गए हैं।

साथ ही सर्विलांस सिस्टम भी अपडेट किया गया है ताकि ऐसे वाहनों को ट्रेस किया जा सके जो किसी रेड लाइट या किसी जैबरा क्रॉसिंग पर नियम तोड़कर आए हों। वहीं नगर निगम के अधिकारियों का कहना है कि यह प्रक्रिया टेस्टिंग रूप में शुरू हो गई है, जो दीपावली से पहले फइनल होकर शहरभर में शुरू हो सकती है।

इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम से सड़कें बनेगी सेफ, ट्रैफिक व्यवस्था होगी अपग्रेड

करंट क्राइम : एडीसीपी ट्रैफिक पीयूष कुमार सिंह ने कहा है कि जिस तरीके से इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम को गाजियाबाद नगर निगम मुख्यालय द्वारा तीन कंपनियों के द्वारा ऑपरेट करने का प्रयास किया गया है, यह शहर के लिए एक बड़ा कदम है। उन्होंने कहा कि इस सुविधा के शुरू होने से ना सिर्फ शहर का ट्रैफिक मैनेजमेंट सुधरेगा, बल्कि सड़क हादसों में कमी लाने के लिए भी यह एक बड़ा प्रयास है। बताया गया है कि अभी शहर के तीन प्रमुख रेड लाइट प्वाइंट पर यह है हाईटेक तकनीक वाला कार्यक्रम शुरू किया गया है। जो आने वाले दिनों में शहर के अन्य प्रमुख चौराहों और प्रमुख स्थानों पर लागू होगा।

नियम तोड़ने वालों और अपराधियों पर भी कसेगी नकेल

करंट क्राइम : यातायात पुलिस के अधिकारियों से जानकारी मिली है कि नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम की जो योजना शहर में शुरू की जा रही है, इसका लाभ यातायात मैनेजमेंट के साथ ही पुलिस और ट्रैफिक पुलिस दोनों को मिलेगा। सबसे बड़ा फायदा तो यह होगा कि अगर पुलिस किसी भी वाहन को सर्विलांस के जरिए ट्रेस करना चाहेगी, तो यह प्रक्रिया आसान हो जाएगी।

साथ ही अब यातायात नियम तोड़ने वालों के ऑनलाइन हाईटेक प्रक्रिया के तहत चालान काटे जाएंगे, अगर कोई व्यक्ति जैबरा क्रॉसिंग पर नियम तोड़ता है, या वो दोपहिया वाहन पर तीन लोग बैठाकर आता है तो वह चालान का शिकार होगा। वहीं बिना हेलमेट के ड्राइव कर रहे हैं, तो ऐसे लोग कमरे में कैद होंगे और उनके नंबर जूम कर तत्काल चालान करवाए जाएंगे। साथ ही अपराधिक किस्म के लोगों को भी कैमरा की गिरफ्त में लाने का प्रयास सफल होगा।

चालान की कार्रवाई के बाद होने वाली नेतागिरी पर भी लगेगा ब्रेक

करंट क्राइम : यातायात पुलिस के अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार प्रतिदिन कमिश्नरेट की सड़कों पर कहीं ना कहीं यातायात पुलिसकर्मियों और ऐसे लोग जो सड़कों पर नियम तोड़ते हैं उनके बीच कहासुनी और हाथापाई की नौबत आने के मामले सामने आते हैं। कई बार पॉलिटिकल इशू भी बन जाता है। यातायात पुलिस के अधिकारियों को कहना है कि इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम लागू होने के बाद जब ऑटोमेटिक प्रक्रिया से चालान होंगे, तो ना तो किसी को रोका जाएगा और ना किसी से किसी प्रकार की बहस या फोन पर बातचीत की गुंजाइश बचेगी। ऐसे में यातायात की व्यवस्था में सुधार होगा और लोग नियम तोड़ने से परहेज करेंगे क्योंकि उन्हें डर रहेगा की ऑटोमेटिक चालान कटेगा।

जल्द फाइनल हो जाएगी इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम को संभालने वाली कंपनी

करंट क्राइम : गाजियाबाद जिले के प्रमुख चौराहों और स्थानों पर इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम को लागू करने के लिए नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा जो प्लानिंग शुरू की गई है इसका सीधा फायदा यातायात पुलिस और सिविल पुलिस को तो मिलेगा। साथ ही नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा बताया गया है कि फिलहाल इस प्रक्रिया को संचालित करने के लिए तीन कंपनियों ने लाइव डेमो कुछ दिन के लिए टेस्ट पर शुरू किया गया है, उनकी प्लानिंग है कि इस प्रक्रिया को लगभग 10 महीने के भीतर कमिश्नरेट सिस्टम में प्रमुख स्थानों पर लागू कर दिया जाए। वहीं सूत्र बता रहे हैं कि जल्द ही तीन कंपनियों में से किसी कंपनी को फाइनल कर यह सिस्टम कमिश्नरेट गाजियाबाद में लागू कराया जाएगा। बता दें कि सोमवार को विक्रमादित्य सिंह मलिक, सिटी मजिस्ट्रेट डॉक्टर संतोष, सहायक पुलिस आयुक्त ट्रैफिक जियाउद्दीन और मुख्य अभियंता निर्माण विभाग गाजियाबाद के साथ ही विद्युत विभाग और पीडब्ल्यूडी के अधिकारी भी इस प्रेजेंटेशन कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

गाजियाबाद में बना गाजीपुर से कूच कर राहुल गांधी का घर घेरने का प्लान प्रदेश मंत्री नरेंद्र कश्यप ने ली बैठक और संभाल ली है पूरे आंदोलन की कमान

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के बयान को लेकर भाजपा ने मोर्चा खोला है।

भाजपा राहुल गांधी के बयान को लेकर हमलावर हो रही है और आंदोलन की शुरूआत गाजियाबाद से हो रही है। दिल्ली के गाजीपुर से गाजियाबाद के भाजपाई राहुल गांधी के घर का घेराव करने के लिये कूच करेंगे। भाजपा ने अलग-अलग बैठकें की और राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार तथा भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र कश्यप ने इस पूरे आंदोलन की कमान संभाल ली है।

उन्होंने सरकारी गेस्टहाउस में ओबीसी मोर्चा के पदाधिकारियों के साथ रणनीति बनाई। अलग-अलग बैठकें हुई। एक बैठक नरेंद्र कश्यप के आवास पर हुई। दूसरी बैठक जल निगम गेस्ट हाउस में हुई और तीसरी बैठक ओबीसी मोर्चा के अध्यक्ष मनोज यादव के नेतृत्व में भाजपा कार्यालय पर हुई।

इस तरह तीन बैठकें हुई। बैठकों में गाजीपुर कूच की तैयारियों को लेकर प्लान बनाया गया।

रोष मार्च से पहले फूंकेंगे राहुल गांधी का पुतला

करंट क्राइम। आंदोलन की कमान संभाल रहे नरेंद्र कश्यप ने कहा कि पहले सभी कार्यकर्ता यूपी गेट पर एकत्रित होंगे। इस मार्च के लिए गाजियाबाद से ही कार्यकताओं की भीड़ जुटाई गई है लेकिन अन्य जिलों के कार्यकर्ता भी शामिल होना चाहते हैं तो उनका स्वागत है। उन्होंने कहा कि सबसे पहले यूपी गेट पर राहुल गांधी का पुतला फूंका जायेगा और फिर राहुल गांधी के घर का घेराव होगा।

26 सितंबर को 11 बजे यूपी गेट से भाजपाई करेंगे पैदल कूच

करंट क्राइम। इस पूरे आंदोलन की कमान संभाल रहे राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार तथा भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र कश्यप से करंट क्राइम ने बात की। उन्होंने कहा कि 26 सितंबर को गाजीपुर से भाजपाई सुबह ग्यारह बजे राहुल गांधी के आवास के लिए पैदल कूच करेंगे। नरेंद्र कश्यप ने कहा कि सभी कार्यकर्ता ग्यारह बजे यूपी गेट पर एकत्रित होंगे। हजारों की संख्या में ओबीसी समाज के कार्यकर्ता होंगे। इसे रोष मार्च का नाम दिया गया है। यूपी बॉर्डर से हजारों कार्यकर्ता एकत्र होकर राहुल गांधी के आवास की ओर कूच करेंगे।

गाजीपुर कूच को लेकर दिया गया सभी को लक्ष्य

करंट क्राइम। गाजियाबाद में आंदोलन का पूरा प्लान बना है। इसकी कमान नरेंद्र कश्यप संभाल रहे हैं और गाजीपुर से जो कूच होना है उसकी पूरी तैयारी गाजियाबाद में हुई है। जल निगम गेस्ट हाउस में जो बैठक हुई उसमें लगभग सौ लोग शामिल हुए। जिनमें खोड़ा नगर पालिका की पूर्व अध्यक्ष रीना भाटी, वरिष्ठ भाजपा नेता पृथ्वी सिंह और महानगर महामंत्री पप्पू पहलवान प्रमुख रूप से मौजूद थे। इस बैठक की अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा ने की। इस बैठक में सभी लोगों को अलग-अलग टारगेट दिये गये। जो बैठक मंत्री नरेंद्र कश्यप के आवास पर हुई उसमें कश्यप समाज के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए।

राहुल के इस बयान से नाराज हैं भाजपाई

करंट क्राइम। राहुल गांधी ने अमेरिका यात्रा के दौरान एक बयान में ये कहा कि हम अपने देश में उचित समय पर आरक्षण को खत्म कर देंगे। भाजपा का मानना है कि राहुल गांधी के उचित समय का मतलब यही है कि जब उनकी पार्टी सत्ता में होगी। भाजपा नेताओं का कहना है कि राहुल गांधी जब भारत में होते हैं और लोकसभा चुनाव में उन्होंने लगातार ये बात कही कि भाजपा आरक्षण खत्म कर देगी और अमेरिका में वो खुद आरक्षण खत्म करने की बात कह रहे हैं।

सड़कों को गड्ढे से मुक्त कराने के लिए 23 करोड़ का बजट तैयार

18 करोड़ की लागत से बनेगी औद्योगिक क्षेत्र की सड़कें

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। सड़कों के गड्ढों को लेकर अब निगम भी गंभीर है। जल्द ही महानगर की सड़कों को गड्ढामुक्त कराने के लिये व्यापक अभियान चलेगा। नगर निगम के चीफ इंजीनियर से करंट क्राइम ने बात की और उन्होंने बताया कि सड़कों को गड्ढामुक्त करने के लिये अभियान चलेगा। इसके लिए 23 करोड़ का बजट तैयार हुआ है। उन्होंने बताया कि पहले चरण में

औद्योगिक क्षेत्र की सड़कों पर काम होगा और औद्योगिक क्षेत्र की सड़कों के लिए 18 करोड़ का बजट बनाया गया। नगर निगम के मुख्य अभियंता ने ये माना कि सड़कों के टूटने का मुख्य कारण बरसात में जलभराव होना है और पानी का निकास नहीं हो पाना है। उन्होंने कहा कि औद्योगिक क्षेत्र के अलावा अन्य स्थानों पर भी सड़कों के चिन्हीकरण का काम चल रहा है इसलिए तीन करोड़ की लागत से अंदरूनी मार्गों पर काम होगा और दो करोड़ की लागत से अन्य रास्तों की सड़कें तैयार की जाएगी। इस प्रकार 23 करोड़ की रकम से महानगर की सड़कों का उद्धार होगा।

डीएम इन्द्र विक्रम सिंह की अध्यक्षता में व्यापार बंधु की बैठक सम्पन्न

व्यापार बंधु बैठक से पूर्व ही विभागों ने किया कई शिकायतों का निस्तारण

गाजियाबाद, करंट क्राइम। जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को महात्मा गांधी सभागार कलैक्ट्रेट में व्यापर बंधु की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में नगर निगम, गाजियाबाद विभाग प्राधिकरण, पुलिस, विद्युत, नगर पालिकाओं, खाद्य विभाग, वन विभाग व अन्य विभाग के अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। विभिन्न व्यापार संगठनों के प्रतिनिधियों द्वारा व्यापारियों की समस्याओं के बिन्दुओं को बैठक में रखा गया। व्यापारियों की समस्याओं से संबंधित विभाग के अधिकारियों को अवगत कराते हुए समस्याओं के बारे में विस्तार से चर्चा की गई। जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने दी शाबाशी कुछ शिकातयों का बैठक से पूर्व ही विभागों द्वारा निस्तारण किया जा चुका था, जिसके लिए जिलाधिकारी ने उन्हें शाबाशी दी। शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु जिलाधिकारी द्वारा सम्बंधित विभाग के अधिकारियों को समय दिया गया, जिसमें से अधिकांश शिकायतों का आगामी बैठक से पूर्व ही निस्तारण के लिए आदेश दिये गए। बैठक में राष्ट्रीय व्यापार मंडल की ओर से लाल कुआं नंबर 24 पेट्रोल पंप के सामने से सरे होम्स व मानसरोवर कालोनी तक जाने वाली सड़क को क्षतिग्रस्त बताते हुए मरम्मत की मांग की गई। मरम्मत के लिए जिलाधिकारी की ओर से नगर निगम व गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि संबंधित सड़क का निरीक्षण कर नियमानुसार कार्यवाही की जाए।

बैठक में गणमान्य लोग उपस्थित रहे : बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल, राज्य कर विभाग से संयुक्त आयुक्त श्रीराम गौंड, संयुक्त आयुक्त जिलाजीत सिंह, संयुक्त आयुक्त विशाल पुंडीर व व्यापार संगठनों की ओर से संदीप बंसल, राजीव अग्रवाल, कपिल वत्स, सोनू सैनी, अशोक भारतीय, अशोक चावला, राजदेव त्यागी, प्रीतम लाल व अन्य मौजूद रहे। बैठक का संचालन विनय कुमार गौतम उपायुक्त (प्रशासन) राज्य कर गाजियाबाद द्वारा किया गया।

हमारी प्राथमिकता, व्यापारियों की समस्याओं का तुरन्त निस्तारण हो : जिलाधिकारी

करंट क्राइम। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने कहा कि बैठक का उद्देश्य व्यापारियों की समस्याओं का त्वरित निस्तारण करना है। यदि व्यापारियों को कोई समस्या है तो वह अपनी समस्याओं से अवगत कराएं। हमारी प्राथमिकता है कि व्यापारियों की समस्याओं का तुरन्त निस्तारण कराया जाए। जनपद की पहचान उद्योग नगरी की है। जनपद के व्यापारियों को उद्योग के लिए अनुकूल माहौल दिया जाए। बैठक में शुक्र बाजार चौक पर ट्रैफिक लाइट की व्यवस्था सही कराने, मुरादनगर रावली रोड के पास सुलभ शौचालय, मलिक नगर के पास खुले नाले, जाम के कारण सिहानी गेट से घंटाघर वाले रास्ते पर बैट्री रिक्शा बंद कराने, नवयुग मार्केट में प्रकाश व्यवस्था, सेठ मुकुंद लाल इंटर कालेज के पास ट्रैफिक व्यवस्था के लिए कट जैसे कई मुद्दे बैठक में उठाये गये।

'भाजपा, संघ देश में फैला रहे नफरत और हिंसा' : राहुल गांधी

जम्मू। पुंछ में कांग्रेस नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल

गांधी ने रैली की। इस दौरान राहुल गांधी ने भाजपा और आरएसएस पर हमला बोला। राहुल गांधी ने कहा कि भाजपा, आरएसएस देश भर में नफरत और हिंसा फैला रहे हैं। वे केवल नफरत फैलाना जानते हैं और उनकी राजनीति नफरत की है। आप सभी जानते हैं कि नफरत को नफरत देकर खत्म नहीं किया जा सकता, बल्कि प्यार से खत्म किया जा सकता है। राहुल गांधी ने कहा कि हमारी पहली मांग है कि एक बार फिर राज्य का दर्जा दिया जाए। इस काम को करने के लिए हम इन पर और दबाव डालेंगे। अगर ये नहीं करेंगे तो हम करके देंगे। मोदी जी ने पूरे देश में बेरोजगारी फैला रखी है। इन्होंने हजारों करोड़ रुपये अपने मित्रों के माफ करवा दिए।

नरेंद्र मोदी जी ने बेरोजगारी पूरे देश में फैला रखी है। हम चाहते हैं कि आपकी सरकार आप चलाएं लेकिन आपकी सरकार दिल्ली से चलती है। आपकी सरकार श्रीनगर और जम्मू से चलनी चाहिए।

ये हमेशा बांटने का काम करते हैं और यही काम इन्होंने यहां किया है। हमारे जो पहाड़ी भाई हैं और गुर्जर भाई हैं उनको आपस में लड़ाने का काम ये करते हैं। हमारे लिए सब लोग एक जैसे हैं और किसी को भी पीछे नहीं छोड़ेंगे। हम सबको मोहब्बत के साथ लेकर चलेंगे। आप हमारे उम्मीदवारों को जिताने का काम कीजिए।

आप सबका धन्यवाद करता हूं। इतनी सुंदर जगह आपने बुलाया आज मैं सिर्फ दो तीन घंटों के लिए यहां हूं। आप मुझसे जो भी चाहते हैं और जिन मुद्दों को सरकार के सामने उठाना चाहते हैं आप मुझे आशीर्वाद दीजिए मैं आपकी बातों को संसद में उठाऊंगा। अगली बार मैं यहां पर दो से तीन दिन के लिए आऊंगा। आप सबका दिल से धन्यवाद। जय हिंद।

आयुष्मान भारत योजना के 6 वर्ष पूर्ण होने पर सेवा पखवाड़ा के तहत महिला मोर्चा ने लगाया निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर

गाजियाबाद, करंट क्राइम। आयुष्मान भारत योजना के 6 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा के निर्देशानुसार व महिला मोर्चा महानगर संयोजिका डा. उदिता त्यागी के नेतृत्व में चिकित्सा स्वास्थ्य सेवा एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा 60 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के व्यक्तियों के लिए निशुल्क तीन स्वास्थ्य शिविर का आयोजन सी.एच.सी. (डिस्पेंसरी) ई-65, सेक्टर-09, विजय नगर, सीएचसी मुरादनगर गाजियाबाद और यूपीएचसी महाराजपुर वैशाली में किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में बुजुर्गों के स्वास्थ्य का चेकअप कुशल डॉक्टर की टीम द्वारा किया गया।

तीनों शिविरों में मुख्य अतिथि रहे सांसद अतुल गर्ग, विधायक अजीत पाल त्यागी और कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा

करंट क्राइम। पहला शिविर कार्यक्रम शहर विधानसभा में सीएचसी विजय नगर में अयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सांसद अतुल गर्ग व दूसरा शिविर कार्यक्रम मुरादनगर विधानसभा में सीएचसी मुरादनगर में आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि विधायक अजीत पाल त्यागी और तीसरा शिविर कार्यक्रम साहिबाबाद विधानसभा के यूपीएचसी महाराजपुर वैशाली में आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा, अतिथि संजीव शर्मा उपस्थित रहे। शिविर कार्यक्रम में संयोजिका के रूप में प्रमिला चौधरी, गीता चौधरी, सुमन सती की भूमिका सराहनीय रही।

गणमान्य लोगों का सहयोग सराहनीय

करंट क्राइम। कार्यक्रम की सफलता हेतु महानगर उपाध्यक्ष रनिता सिंह, महिला मोर्चा महानगर संयोजिका उदिता त्यागी, महामंत्री रेनू चंदेला, भक्ति सिंह, किरण सिंह, वर्षा हजेला, दीप्ति चौहान, पूनम सिंह, शैली त्यागी, उषा चौधरी, मोनिका वर्मा, नीलम सिंह, पायल खत्री, सुषमा, ममता, बीना, मंजू त्यागी, मंजू चौधरी, निशा चौहान, निशी त्यागी, सुषमा गंगवार, प्रियंका सोलंकी आदि का सहयोग सरहनीय रहा।

संसार की सर्व समस्याओं का समाधान है आध्यात्मिकता- सांसद अतुल गर्ग

साहिबाबाद करंट क्राइम। गाजियाबाद में ब्रह्माकुमारीज द्वारा कंट्री इन होटल के दरबार हॉल में आयोजित समाधान कार्यक्रम में मुख्य अतिथि, लोकसभा सांसद गाजियाबाद, अतुल गर्ग ने अपने उद्बोधन में माउंट आबू से पधारे सूरज भाई का धन्यवाद करते हुए समाधान कार्यक्रम को वर्तमान समय की आवश्यकता बताया। यह कार्यक्रम हम सभी के लिए शांति, प्रेम, दया एवं सहानुभूति का संदेश देता है। धैर्यता और साहस जैसे गुणों को स्वयं में धारण करने की शक्ति देता है।

इलेक्ट्रॉनिक्स, सूचना एवं तकनीकी मंत्री, उत्तर प्रदेश सरकार सुनील शर्मा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। ब्रह्माकुमारीज की निःस्वार्थ सेवाओं का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि समाज के चारित्रिक विकास के लिए बिना किसी भेदभाव की की जा रही सेवाएं अद्वितीय हैं। इस समाधान कार्यक्रम से मनुष्य के व्यक्तिगत, पारिवारिक और सामाजिक जीवन में उल्लेखनीय परिवर्तन दिखाई देगा।

मुख्य वक्ता माउंट आबू से पधारे अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त, प्रेरक वक्ता, वरिष्ठ राजयोगी ब्रह्मा कुमार सूर्य ने समाधान कार्यक्रम के मुख्य वक्तव्य में कहा कि मानव जीवन में सुख, शांति, आनंद, गुणों की समाप्ति का कारण आध्यात्मिक ज्ञान की अनुपस्थिति है। इस अवसर पर उन्होंने श्रोताओं के अनेक प्रश्नों का समाधान भी किया।

माउंट आबू से ही पधारीं वरिष्ठ राजयोग शिक्षिका तथा प्रेरक वक्ता ब्रह्माकुमारी गीता ने गहन राजयोग अनुभूति करायी तथा आध्यात्मिकता की गुह्य रहस्यों के बारे में प्रकाश डाला।

कवि नगर सेवा केंद्र संचालिका ब्रह्माकुमारी राजेश, ओम शांति रिट्रीट सेंटर गुड़गांव से ब्रह्माकुमारी इशू, दिल्ली से मीडिया जोनल संयोजिका ब्रह्माकुमारी सुनीता, वसुंधरा राजयोग केंद्र संचालिका ब्रह्माकुमारी रंजना तथा सम्मानित अतिथियों में वसुंधरा के निगम पार्षद नरेश भाटी तथा सुश्री प्रतिमा शर्मा, रामप्रस्थ के निगम पार्षद राजकुमार, भाजपा वरिष्ठ नेता एवं पूर्व पार्षद राजेंद्र त्यागी, नंदग्राम के पार्षद विरेन्द्र त्यागी, संतोष पाराशर, चंद्रशेखर मुकुंद, विजय गुलाटी, रमन राजा खन्ना, सुश्री किरण श्रीवास्तव, सुनीता झा, डॉक्टर अलका, वंदना गुप्ता, शशि शर्मा, अर्चना गर्ग, सीमा बहल, वंदना प्रिंसी फाउंडेशन, डॉ साक्षी शर्मा तथा डॉ अश्विनी वार्ष्णेय उपस्थित रहे।

कंट्री इन के दरबार हॉल में 1000 से भी अधिक गणमान्य नागरिक कार्यक्रम में उपस्थित रहे। अवार्चीन स्कूल के बच्चों द्वारा गणेश स्तुति नृत्य की प्रस्तुति दी गई।

रेवाड़ी में डबल स्टैक कंटेनर और दो ट्रेन वाला एशिया का पहला टनल बनकर तैयार

रेवाड़ी। डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर (डीएफसी) के अंतर्गत हरियाणा के रेवाड़ी में एक किलोमीटर लंबा टनल बनाया गया है। इस टनल को डबल स्टैक कंटेनर और डबल ट्रेन की फैसिलिटी के साथ बनाया गया है, जो इसको एशिया का पहला ऐसा टनल बनाता है। टनल को लेकर रेवाड़ी दादरी सेक्टर डिप्टी प्रोजेक्ट मैनेजर वाईपी शर्मा और डीएफसीसीआईएल कम्युनिकेशन कॉरपोरेट के उप महाप्रबंधक चित्रेश जोशी ने सोमवार को आईएएनएस से बात की। डिप्टी प्रोजेक्ट मैनेजर वाईपी शर्मा ने बताया कि यह हमारा डबल स्टैक कंटेनर और डबल ट्रेन के लिए एक किलोमीटर लंबा टनल है, इस तरह का ये एशिया का पहला टनल है। इसको बनाने में दो वर्ष का समय और करीब 900 से 1,000 करोड़ रुपए की लागत लगी है।

टनल के पीछे साढ़े छह किलोमीटर का डीप कट है और उसकी गहराई 30 से 35 मीटर है। उन्होंने आगे बताया कि टनल को बनाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। आजकल कई अलग तरीके की टेक्निक आ रही है, जिससे उतनी परेशानी नहीं होती। लेकिन यहां पर आस-पास लोग रहते हैं, जिसके कारण हमने कंट्रोल ब्लास्टिंग करने का काम किया। डीएफसीसीआईएल कम्युनिकेशन कॉरपोरेट के उप महाप्रबंधक चित्रेश जोशी ने डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर को लेकर बताया कि यह एक विशेष कॉरिडोर है, जो सिर्फ मालगाड़ियों के लिए बनाया गया है। 2,843 किलोमीटर लंबाई के दो कॉरिडोर हैं। एक पूर्वी कॉरिडोर है, जो लुधियाना के पास साहनेवाल से शुरू होकर के बिहार के सोननगर तक जाता है। दूसरा पश्चिमी कॉरिडोर है जो दादरी से शुरू होकर के मुंबई तक जाता है। 2,843 में से 2,741 किलोमीटर कॉरिडोर का काम पूरा हो चुका है, जो प्रोजेक्ट का 96.4 प्रतिशत है। अगले साल ये प्रोजेक्ट पूरा हो जाएगा। पीएम मोदी ने 12 मार्च 2024 को राष्ट्र को समर्पित किया था। दोनों कॉरिडोर को मिलाकर इस पर 350 से अधिक माल गाड़ियां हर रोज चल रही हैं।

साहिबाबाद इंडस्ट्रीज एसोसिएशन की वार्षिक आमसभा का आयोजन

साहिबाबाद (करंट क्राइम)। साहिबाबाद इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के कार्यालय में एसोसिएशन की वार्षिक आमसभा का आयोजन किया गया। जिसमें संस्था के महासचिव मुकेश गुप्ता ने सभी पदाधिकारियों का स्वागत किया और साथ ही राष्ट्रगान से कार्यक्रम की शुरुआत की गई। चेयरमैन राजेंद्र शर्मा ने सदस्यों का अभिनंदन स्वागत किया, उसके बाद संस्था के महासचिव मुकेश गुप्ता ने 1 वर्ष के विस्तृत कार्यों की जानकारी संस्था के सभी सदस्यों को दी। महासचिव द्वारा वित्त सचिव को लेखा-जोखा प्रस्तुत करने के लिए मंच पर आमंत्रित किया। लेखा-जोखा संस्था के वित्त सचिव कुलवंत सिंह ने सभी सदस्यों के समक्ष रखा। सभी सदस्यों ने सहमति प्रदान की, उसके बाद संस्था के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजीत तोमर ने संस्था में चार पदों के लिए चुनाव प्रक्रिया प्रारंभ की जिसमें एक उपाध्यक्ष यशपाल सिंह, तीन कार्यकारिणी सदस्य हनुमान लखोटिया, ग्रीस गुप्ता, प्रवेश चोपड़ा को सर्वसम्मति से चुना गया। अजीत तोमर ने नव निर्वाचित सदस्यों का अभिवादन किया। इन अवसर पर अध्यक्ष राजेंद्र शर्मा, अध्यक्ष दिनेश मित्तल, उपाध्यक्ष अजीत तोमर, उपाध्यक्ष यशपाल सिंह, महासचिव मुकेश गुप्ता, वित्त सचिव सरदार कुलवंत सिंह, हनुमान लखोटिया, गिरीश गुप्ता, प्रवेश चोपड़ा, मनोज कुमार गुप्ता, विमल मुंद्रा, एसपी चौहान, प्रवीण जैन आदि उद्यमी मौजूद रहे।

न्यायखण्ड दो में जल आपूर्ति की समस्या होगी दूर पार्षद राधेश्याम त्यागी ने लगवाए 10 नए पंप

साहिबाबाद (करंट क्राइम)। इंदिरापुरम न्यायखण्ड दो में कई सालों से गर्मी पानी की समस्या बनी हुई है, इस समस्या के निदान में जीडीए काम कर रहा है। पानी की समस्या समस्या गंभीर हो जाती है। आलम यह होता है कि लोग पानी के लिए सड़क पर उतर कर पसीना बहाते नजर आते हैं। जीडीए के इंदिरापुरम जोन 6 क्षेत्र के वार्ड 57 में पानी आपूर्ति की समस्या विकट है। पार्षद राधेश्याम त्यागी ने बताया कि जीडीए द्वारा 10 एचपी का पंप न्यायखड़ दो के सेंट्रल पार्क की लगया जा रहा है, एक ओर पंप लगना है जिसे क्षेत्र में जलापूर्ति की समस्या का समाधान कराते हुए विभाग ने नए 10 पंप सेट लगाए जबरहे है। पेयजल आपूर्ति को सुदृढ़ करने के लिए जीडीए के अधिकारियों को निर्देश भी दिए हैं। शहरवासियों को शुद्ध पेयजल आपूर्ति कराया जाए।

पूर्व सैनिकों को एनसीसी में बतौर प्रशिक्षक मिलेंगे रोजगार के अवसर

नई दिल्ली। रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ के मुताबिक पूर्व सैनिकों को एनसीसी प्रशिक्षकों के रूप में शामिल किया जाएगा। इससे पूर्व सैनिकों को रोजगार के नए अवसर मिलेंगे। साथ ही वे उच्च गुणवत्ता वाले प्रशिक्षण देने में अपने कौशल और अनुभव का उपयोग करेंगे। सेठ ने बताया कि सरकार ने हाल ही में एनसीसी कैडेट रिक्तियों को तीन लाख तक बढ़ाने के लिए एक विस्तार योजना को मंजूरी दी है। इससे आने वाले वर्षों में एनसीसी कैडेट की कुल संख्या 17 लाख से बढ़कर 20 लाख हो जाएगी। ऐसे में बतौर प्रशिक्षक पूर्व सैनिकों को नए रोजगार मिलेंगे। रक्षा राज्यमंत्री ने सोमवार को नई दिल्ली में एनसीसी के संयुक्त राज्य प्रतिनिधियों और उप महानिदेशक सम्मेलन का उद्घाटन किया। यहां उन्होंने राष्ट्र निर्माण में एनसीसी की महत्वपूर्ण भूमिका का उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि कैसे यह संगठन अनुशासित, जिम्मेदार और प्रेरित युवा नागरिकों को तैयार करने में मदद करता है। इसके साथ ही जीवन के विभिन्न पहलुओं में नेतृत्व कौशल को बढ़ावा देता है।

क्राइम व बेरोजगारी में हरियाणा देश में सबसे आगे : बजरंग पुनिया

सोनीपत। हरियाणा विधानसभा चुनाव में देश के स्टार पहलवान व कांग्रेस नेता बजरंग पुनिया सोमवार को राई विधानसभा में थे। यहां उन्होंने एक चुनावी सभा को संबोधित किया। पुनिया ने कहा कि यहां की सड़क, स्वास्थ्य और खेल की व्यवस्था बेहद खराब है। आज हरियाणा क्राइम व बेरोजगारी में नंबर-एक राज्य बन चुका है। पुनिया ने कहा, तीसरी बार सरकार बनने के मकसद से भाजपा लोगों के बीच में जाकर वादे कर रही है कि युवाओं को दो लाख पक्की नौकरी दी जाएगी। भाजपा ने तो युवाओं को अग्निवीर बनाकर उनसे सरकारी नौकरी का सपना छीन लिया। मैं भाजपा से पूछना चाहता हूं कि जब आपकी 10 साल सरकार रही, तो आपने काम नहीं किया।

लेकिन, अब वादों का पिटारा लेकर जनता के बीच जा रहे हैं। मैं यहां की जनता से कहना चाहता हूं कि 10 साल बाद आप लोगों को मौका मिला है कि आप वोट की चोट से इन्हें सबक सिखाएं। बजरंग पुनिया ने कहा, मैंने लोगों से पूछा, क्या यहां पर खेल के लिए स्टेडियम है, जवाब आया, नहीं। स्वास्थ्य के संबंध में मैंने पूछा तो जवाब आया कि यहां अस्पताल तो है, लेकिन डॉक्टर नहीं हैं। बजरंग ने कहा, भाजपा सिर्फ जाति की राजनीति करती है। एक दौर था, जब हम खिलाड़ी के तौर पर अन्य खिलाड़ियों के साथ एक थाली में खाना खाया करते थे। यह दौर साल 2014 से पहले था, एक दूसरे में भाईचारा था। लेकिन, अब एक दूसरे के साथ एक थाली में खाना खाने की बात ही छोड़ दीजिए। इसलिए मैं जनता से मांग करता हूं कि कांग्रेस उम्मीदवार को भारी मतों से विजयी बनाएं। मुझे यहां के लोगों ने बताया है कि यहां पर कांग्रेस की सरकार बन रही है। बता दें कि हरियाणा में विधानसभा चुनाव को लेकर पांच अक्टूबर को मतदान होना है।

पार्षद यशपाल पहलवान ने मुख्यमंत्री को पत्र के माध्यम से तुलसी निकेतन कॉलोनी की समस्या से अवगत कराया

साहिबाबाद (करंट क्राइम)। वार्ड 20 के भाजपा पार्षद यशपाल पहलवान ने महानगर अध्यक्ष के माध्यम से मुख्यमंत्री को पत्र के माध्यम से तुलसी निकेतन कॉलोनी की बदहाली की जानकारी दी। पत्र से माध्यम से पार्षद यशपाल पहलवान ने बताया कि तुलसी निकेतन में फ्लैटों की हालत जर्जर है और बरसात के समय में पानी ग्राउंड फ्लोर पर भर जाता है। ग्राउंड फ्लोर पर रहने वाले लोग दयनीय स्थिति में जीवन जीने को मजबूर हैं। तुलसी निकेतन वार्ड 20 के भाजपा पार्षद यशपाल पहलवान ने भाजपा महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा के माध्यम से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखा है। इस पत्र में पार्षद ने तुलसी निकेतन को जीडीए ने 2292 फ्लैट ईडब्ल्यूएस कोटे के तहत दिल्ली यूपी सीमा पर बसाया हुआ है। जिसमें लगभग 15000 परिवार रहते हैं, यह फ्लैट दयनीय स्थिति में हैं। कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है, सड़कों पर कीचड़ और गंदगी का बुरा हाल हो जाता है। इस मुद्दे को लेकर भाजपा पार्षद ने आवाज उठाई है कि जीडीए इस कॉलोनी को नए सिरे से विकसित करे जिससे यहां रहने वालों को साफ शुद्ध हवा-पानी मिल सके। यशपाल पहलवान ने कहा है कि मैं व्यक्तिगत भी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलकर तुलसी निकेतन के मुद्दे को रखूंगा और जल्द से जल्द इस समस्या का समाधान करने का प्रयत्न करूंगा।

NAME CHANGED

I, Ajudhi Prasad S/O Gyasi R/O RC-1141,Prakash Nagar, Gali No-5,Khora Colony, Ghaziabad,disown and disinherit my Son Sonu Kumar,his Wife Bharti and Grandsons Lokesh & Aryan with immediate effect.

दैनिक
करंट क्राइम
सिर्फ सच...
www.currentcrime.com
03 • नई दिल्ली। मंगलवार 24 सितम्बर-2024 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

मजबूत हुई है गठबंधन से जुड़कर रालोद की कहानी

क्या हैंडपम्प से निकलेगा अपने इन चेहरों पर कृपा का पानी

गाजियाबाद, करंट क्राइम। विपक्ष की राजनीति करते करते अचानक रालोद ने यू-टर्न लिया और फिर उसकी सियासत में ही टर्न आ गया। रालोद के मुखिया जयंत चौधरी ने किसान आंदोलन के बाद आये लोकसभा चुनावों से पहले ही भाजपा से हाथ मिला लिया। भाजपा यहां रालोद को अपने साथ लेना चाहती थी और जाट लैंड पर उसने इस हाथ मिलाई की रस्म में पहले प्रदेश सरकार में रालोद को शामिल किया। मंत्रालय से नवाजा और फिर लोकसभा चुनावों के बाद रालोद के मुखिया जयंत चौधरी को केन्द्र सरकार में मंत्री बना दिया। बताया जाता है कि भाजपा ने यहां किसी आयोग में भी रालोद को ऑब्लाइज किया है और इसमें कोई दोराय नहीं है कि भाजपा से जुड़कर रालोद की गठबंधन वाली कहानी मजबूत हुई है। लेकिन अब सवाल ये है कि उस भगवागढ़ में रालोद के उन चेहरों के लिए क्या कोई सरकारी कृपा का पानी निकलेगा जिन्होंने मजबूती से रालोद का झंडा उठाया है। जो रालोद की विचारधारा के साथ चलते हैं। क्या सरकारी कृपा इन चेहरों पर होगी। क्योंकि गठबंधन की सियासत में थोड़ी बहुत अपनी पोलिटिक्ल विरासत तो ये लोग भी रखते हैं। कई चेहरे ऐसे हैं जो रालोद में हैं और सरकारी कृपा के अधिकारी होने की तमन्ना भी रखते हैं।

राष्ट्रीय उपाध्यक्ष इन्द्रजीत सिंह टीटू को मिलेगी क्या कोई जिम्मेदारी

करंट क्राइम। रालोद के माईनोरिटी प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष इन्द्रजीत सिंह टीटू सियासत का एक पुराना चेहरा हैं। गाजियाबाद की राजनीति में उन्होंने एक बेदाग कैरियर के साथ सियासत की है। बड़ी बात ये है कि वो कभी साईलेंट नहीं रहते हैं और बात उनके समाज की हो या फिर कोई समाजिक, राजनीतिक मुद्दा हो, वो हमेशा मुखर होकर सामने आते हैं। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष इन्द्रजीत सिंह टीटू पहले ऐसे शख्स हैं जिन्होंने मजबूती से इस बात को उठाया कि अगर गठबंधन है तो एक बार गाजियाबाद शहर सीट पर उपचुनाव में रालोद को भी मौका मिले। बड़ी बात ये है कि यहां टीटू ने अपने लिए टिकट नहीं मांगा, उन्होंने रालोद की बात की। ऐसे चेहरे को क्या अब सरकार में किसी आयोग में कोई जिम्मेदारी मिलेगी। उनकी सियासी पारी को देखते हुए क्या उन्हें दर्जा प्राप्त मंत्री वाला कोई अवार्ड प्राप्त होगा। समर्पित चेहरे हैं और डिजर्व करते हैं।

अमरजीत सिंह बिट्टी के नाम पर बनेगा क्या कोई योग

करंट क्राइम। रालोद की बात होती है तो गाजियाबाद में अमरजीत सिंह बिट्टी का नाम आता है। वो रालोद की विचारधारा से जुडकर राजनीति करते हैं। गन्ना किसानों की एक आवाज हैं और राष्ट्रीय लोकदल की हर लड़ाई में वो साथ रहे हैं। लंबे समय से राजनीति कर रहे हैं। अब उनके समर्थक भी चाहते हैं कि सरकारी कृपा वाले किसी आयोग में अमरजीत सिंह बिट्टी के नाम का भी कोई योग बने।

पुराने साथी रामानन्द गोयल को क्या मिलेगा मौका

करंट क्राइम। रामानन्द गोयल उस समय से रालोद का झंडा उठा रहे हैं जब रालोद का सबसे बड़ा मुद्दा हरित प्रदेश होता था। रामानन्द गोयल ने खुद अपने हाथों से बसों और ट्रकों पर हरित प्रदेश लिखकर इस मुद्दे को गरमाया। मेरठ रोड तिराहे से लेकर राज नगर एक्सटेंशन चौराहे पर ना जाने कितनी बार उन्होंने स्वागत की माला पहनाईं हैं। नगर निगम में मुद्दों को लेकर वो ताला जड़ चुके हैं। राष्ट्रीय लोकदल के महानगर अध्यक्ष रहे हैं, प्रदेश स्तरीय पदाधिकारी रहे हैं। पुराने साथी रामानन्द गोयल को क्या रालोद के मुखिया जयंत चौधरी कोई मौका सरकारी कृपा का देंगे।

अधिवक्ता अजय वीर चौधरी कब तक करेंगे संगठन की राजनीति

करंट क्राइम। अजय वीर चौधरी अधिवक्ता हैं और वो लंबे समय से रालोद की राजनीति कर रहे हैं। कुछ समय के लिए वो सपा में गये थे। लेकिन फिर लौट आये। रालोद में अलग अलग पदों पर अजय वीर चौधरी रहे हैं और अब ये बात उठने लगी है कि क्या अजय वीर चौधरी हमेशा संगठन की राजनीति करेंगे या सरकारी भागीदारी में भी कोई जिम्मेदारी मिलेगी।

रालोद के कर्मठ लीडर तेजपाल चौधरी का नाम क्या होगा कंसीडर

करंट क्राइम। तेजपाल चौधरी रालोद के पुराने साथी हैं। संगठन में उनके पास पद है और वो रालोद के कोर कार्यकर्ता माने जाते हैं। इस चेहरे को रालोद मुखिया क्या किसी फ्रेम में कंसीडर करेंगे। तेजपाल चौधरी रालोद की राजनीति के प्रमुख चेहरे हैं और अब उन्हें सरकारी कृपा वाली लिस्ट में भी स्थान मिलना चाहिए।

विधानसभा चुनाव लड़ चुके अजय प्रमुख क्या बना पायेंगे स्थान

करंट क्राइम। अजय प्रमुख रालोद की राजनीति के प्रमुख चेहरे हैं। वो मुरादनगर विधानसभा का चुनाव भी लड़ चुके हैं। आमतौर पर शांत स्वभाव के साथ राजनीति करते हैं। क्या रालोद हाईकमान अजय प्रमुख को लेकर भी कुछ सोचेगा। अजय प्रमुख, प्रमुख चेहरों में अपना स्थान बना पायेंगे।

महिला शक्ति के फेस पर बनेगी क्या रेखा चौधरी की बात

करंट क्राइम। रेखा चौधरी रालोद की महानगर अध्यक्ष हैं। पार्टी के आंदोलन से लेकर हर कार्यक्रम में उनकी सहभागिता रहती है। वो पार्टी का प्रमुख महिला चेहरा हैं। ऐसे में ये चर्चा है कि क्या महिला शक्ति वाले फेस के रूप में रेखा चौधरी की बात बनेगी। क्या उन्हें महिला आयोग से लेकर अन्य किसी आयोग में एडजस्ट किया जायेगा।

क्या अरुण चौधरी भुल्लन को जयंत की टीम में मिलेगा स्थान

करंट क्राइम। अरुण चौधरी भुल्लन रालोद के महानगर अध्यक्ष रहे हैं। वो जाट समाज के अध्यक्ष हैं और खेलों में उनकी रूचि है। बड़ी बात ये है कि वो हमेशा जनसामान्य से जुड़े मुद्दों को लेकर एक्टिव रहते हैं। जाट समाज का ये चेहरा प्रसन्न चित्त राजनीति का चेहरा है और यही सवाल है कि क्या जयंत अपनी टीम में स्पोर्ट्स से लेकर जाट समाज के परिचय सम्मेलन तक सहभागिता करने वाले अरुण चौधरी भुल्लन को लेते हैं या नहीं।

अब तो मिलना चाहिए रविन्द्र चौहान को भी एक मुकाम

करंट क्राइम। रविन्द्र चौहान समाजवादी पार्टी से रालोद में आये। उन्होंने रालोद के महानगर अध्यक्ष वाली कमान संभाली। कई कार्यक्रमों में भी वो एक्टिव रहे। रविन्द्र चौहान पुराने कार्यकर्ता हैं और वो संगठन के पदाधिकारी भी रहे हैं। पार्टी के किसी भी आंदोलन या अन्य कार्यक्रम में उनकी मौजूदगी रहती है। अब तो उनके समर्थक भी कहने लगे हैं कि रविन्द्र चौहान को भी मौका मिलना चाहिए।

कैसे करेंगे चुनाव को सपा वाले हैंडल, जिन्हें दिए अध्यक्ष ने पद नहीं चला रहे वो पैंडल

सपा महानगर अध्यक्ष ने चार प्रभारियों को जारी किया कारण बताओ नोटिस

कहा ना बैठकों, ना धरने-प्रदर्शन में होती है आपकी उपस्थिति

गाजियाबाद, करंट क्राइम : एक तरफ जहां गाजियाबाद में विधानसभा उपचुनाव का सीन बना रहा है और भारतीय जनता पार्टी से लेकर अन्य विपक्षी दल चुनाव की तैयारी में जुट गए हैं, वहीं समाजवादी पार्टी की स्थिति इससे अलग चल रही है। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष ने जिन सपा के नेताओं को साइकिल वाली पार्टी में पद दिए थे, उन्हें पैंडल चलाने की जिम्मेदारी दी थी, वह ठीक प्रकार से अपनी जिम्मेदारी संभाल नहीं पा रहे हैं। यही कारण है कि समाजवादी पार्टी के महानगर अध्यक्ष वीरेंद्र यादव ने चार पदाधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। इसमें मुख्य रूप से महानगर अध्यक्ष समाजवादी पार्टी मजदूर सभा बॉबी पंडित, महानगर

अध्यक्ष अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ नरेश बाली, महानगर अध्यक्ष समाजवादी पार्टी व्यापार सभा अजय खरखोदिया के साथ ही महानगर अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ अरुण कुमार यादव का नाम है। महानगर अध्यक्ष वीरेंद्र यादव ने इस पत्र में जो कारण बताओ नोटिस जारी किया है, उसमें कहा है कि आपका अपने प्रकोष्ठ कार्यकारिणी में कोई योगदान देखने को नहीं मिलता है। मासिक बैठक में आपकी लंबे समय से अनुपस्थित चल रहे हैं। रैली, आंदोलन, धरना और बैठक में शामिल नहीं हो रहे हैं।

सपा महानगर अध्यक्ष ने सभी को सात दिन के भीतर इन चारों को साक्ष्य के साथ उपलब्ध रहने और स्पष्टीकरण देने का कारण बताओ नोटिस जारी किया है। साथ ही कहा गया है कि अगर लापरवाही जारी रही तो अनुशासनात्मक कार्रवाई के लिए भी उनको बाध्य होने की चेतावनी दी गई है।

सपा को है बड़े चमत्कार की उम्मीद, पर कार्यकर्ता और पदाधिकारी हैं साइलेंट

करंट क्राइम। समाजवादी पार्टी के महानगर अध्यक्ष वीरेंद्र यादव ने बाकायदा सभी अध्यक्षों को कारण बताओ नोटिस जारी कर शीर्ष आलाकमान को यह दर्शाने का काम किया है कि वह एक्टिव मूड में आ गए हैं और पार्टी को मजबूत बनाने और आगामी चुनाव को लेकर उनकी प्लानिंग शुरू हो गई है लेकिन इससे अलग समाजवादी पार्टी के में चर्चा यह है कि जिस तरीके से मौजूदा हालात हैं, उसमें समाजवादी पार्टी को किसी बड़े चमत्कार की ही उम्मीद है। गाजियाबाद में होने वाले विधानसभा उपचुनाव में सपा लगभग सपोर्टर की ही भूमिका में नजर आएगी। यहां सपा को टिकट मिलने की संभावना बेहद कम नजर आ रही है। वहीं जिस तरीके से पार्टी से जुड़े पुराने और शीर्ष पदाधिकारी साइलेंट मोड पर चल रहे हैं, वह भी किसी से छुपा नहीं है। कुल मिलाकर समाजवादी पार्टी के महानगर अध्यक्ष वीरेंद्र यादव के इस कारण बताओ नोटिस का आने वाले दिनों में अन्य पदाधिकारी और प्रकोष्ठ वर्ग पर क्या असर पड़ता है, यह देख जाना अभी बाकी है।

आंदोलन और बैठकों में दिखते हैं चंद फेस, कैसे सफल होगा विधानसभा उपचुनाव वाला केस

करंट क्राइम। भारतीय जनता पार्टी जहां आगामी विधानसभा उपचुनाव को लेकर लगातार फ्रंट फुट पर आकर वर्किंग कर रही है। तो खुद सूबे मुख्यमंत्री से लेकर उनके मंत्री जिले और विधानसभा क्षेत्र का निरीक्षण कर कार्य योजना बना रहे हैं। तो समाजवादी पार्टी का इस मामले में हाल बिल्कुल साइलेंट वाला बना हुआ है। कारण बताओ नोटिस भी इस बात की गवाही दे रहा है कि पार्टी के अध्यक्ष, प्रकोष्ठ के प्रभारी और व्यापार सभा जैसे पदाधिकारी मासिक बैठक, धरना- प्रदर्शन और आंदोलन कर नहीं रहे हैं, वह साइलेंट मोड पर हैं। यही वजह है कि कार्यालय पर होने वाले कार्यक्रम और पदाधिकारी के आयोजन सीमित भीड़ के बीच सिमट कर रह जाते हैं।

दैनिक करंट क्राइम ने जब छापी महानगर की गड्ढों वाली सड़क, तब भाजपा के पूर्व पार्षद के अंदाज हो गये कड़क

कहा- जब 33 प्रतिशत रकम से होगा काम तो सड़कों का यही होगा अंजाम

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। दैनिक करंट क्राइम ने महानगर की सड़कों की हालत में रियलटी टेस्ट लिखा था और ये बताया था कि गड्ढामुक्त अभियान जरूर है लेकिन सड़कें गड्ढायुक्त हो गई हैं। करंट क्राइम की इस खबर में महानगर की कई सड़कों का हाल बताया गया था। बड़े-बड़े गड्ढों को दिखाया गया था। मुद्दा जब गड्ढे वाली सड़का का उठा तो यहां भाजपा के पूर्व पार्षद हिमांशु लव आगे आए। उन्होंने कहा कि गाजियाबाद की अंदरूनी व मुख्य मार्ग की सड़कें एक बरसात भी नहीं झेल पाई इसके पीछे क्या राज है।

उन्होंने कहा कि मैं जब गाजियाबाद का निगम पार्षद था तो इस विषय को मेरे द्वारा कई बार बोर्ड बैठकों में उठाया गया। हिमांशु लव न कहा कि मैंने इस मुददे को तत्कालीन नगर विकास मंत्री के सामने भी उठाया था और उन्हें बताया था कि जब तक नगर निगम में 27 प्रतिशत कमिशन जारी रहेगा तब तक यह सड़कें गड्ढायुक्त रहेंगी। हिमांशु लव ने इस मामले को प्रमुखता से उठाया है।

इस तरह समझाया सड़क पर लगने वाली 33 प्रतिशत रकम का हिसाब

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। हिमांशु लव भाजपा के पूर्व पार्षद हैं इसके अलावा वो कॉलोनाइजर भी रहे हैं। पूरा हिसाब जातने हैं और उन्होंने सड़क टूटने का राज बताते हुए रकम के गुणा भाग को सबके सामने रखा। उन्होंने कहा कि 27 प्रतिशत कमिशन जाता है और 15 से 20 प्रतिशत बिलो टेंडर हो जाता है। बिलो का मतलब असल कीमत से भी कम कीमत का टेंडर और इसमें 15 से 20 प्रतिशत ठेकेदार की आमदनी छोड़ी जाती है। अगर इसका टोटल कर दिया जाये तो लगभग 67 प्रतिशत टेंडर मूल्य से निकल जायेगा। तो इस तरह से मात्र सड़कों पर 33 प्रतिशत पैसा ही लगेगा।

गाजियाबाद नगर निगम के भ्रष्टाचार को कोई नहीं मिटा पाया

गाजियाबाद। पूर्व पार्षद हिमांशु लव ने कहा कि जब नगर निगम के ठेकेदार को सालों-सालों तक भुगतान नहीं किया जायेगा तो यह सड़कें गड्ढायुक्त क्यों नहीं होगी। उन्होंने कहा कि पूर्व के महापौर और वर्तमान के महापौर इस विषय को कई बार कह चुके हैं कि नगर निगम में भ्रष्टाचार नहीं किया जायेगा, लेकिन हिमांशु लव ने कहा कि गाजियाबाद नगर निगम के भ्रष्टाचार को कोई नहीं मिटा पाया और ऐसा लगता है कि भविष्य में भी इस भ्रष्टाचार जैसी बीमारी को कोई नहीं मिटा पायेगा। जब तक ये भ्रष्टाचार रहेगा तब तक सड़कें गड्ढायुक्त ही रहेंगी।

संपादकीय

एंटीबायोटिक खाने वाले सावधान!

रोग प्रतिरोधक दवाओं के प्रति प्रतिरोध तब उत्पन्न होता है, जब संक्रामक रोगाणु को मारने के लिए बनाई गई ये दवाएं निष्प्रभावी हो जाती हैं, क्योंकि रोगाणु इन दवाओं का प्रतिरोध करने की क्षमता विकसित कर लेते हैं।

लोगों में यह धारणा आम हो गई है कि कोई भी बीमारी रोग प्रतिरोधक दवाओं (एंटीबायोटिक) के बिना जल्दी ठीक नहीं हो सकती। खांसी-जुकाम और बुखार जैसी सामान्य स्वास्थ्य समस्याओं के इलाज में भी रोग प्रतिरोधक दवाओं का इस्तेमाल बढ़ रहा है। नतीजा यह कि रोग प्रतिरोधक दवाएं निष्प्रभावी हो रही हैं और यह वैश्विक स्तर पर गंभीर समस्या बन गई है। ह्यद लांसेटह्ल पत्रिका में प्रकाशित नए अध्ययन में दावा किया गया है कि वर्ष 1990 से 2021 के बीच रोग प्रतिरोधक दवाओं के निष्प्रभावी हो जाने से दुनिया भर में हर साल 10 लाख से अधिक लोगों की मौत हुई। अगले 25 वर्षों में 3.9 करोड़ से अधिक लोगों की जान जा सकती है।

अध्ययन में कहा गया है कि रोग प्रतिरोधक दवाओं के निष्प्रभावी होने से भविष्य में भारत, पाकिस्तान और बांग्लादेश सहित दक्षिण एशिया में सर्वाधिक असर दिखने का अनुमान है। स्पष्ट है कि दक्षिण एशियाई देशों में रोग प्रतिरोधक दवाओं का इस्तेमाल बढ़ रहा है। यह बात सही है कि गंभीर संक्रमण वाली बीमारियों के इलाज में रोग प्रतिरोधक दवाएं कारगर होती हैं, लेकिन जरूरत से ज्यादा और लंबे समय तक इन दवाओं का सेवन स्वास्थ्य के लिए नुकसानदेह होता है।

70 साल से अधिक आयु वाले लोगों पर एंटीबायोटिक निष्प्रभावी दरअसल, रोग प्रतिरोधक दवाओं के प्रति प्रतिरोध तब उत्पन्न होता है, जब संक्रामक रोगाणु को मारने के लिए बनाई गई ये दवाएं निष्प्रभावी हो जाती हैं, क्योंकि रोगाणु इन दवाओं का प्रतिरोध करने की क्षमता विकसित कर लेते हैं। 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के लोगों में रोग प्रतिरोधक दवाओं के निष्प्रभाव से होने वाली मौत में 80 फीसद से अधिक की बढ़ोतरी हुई है। बुजुर्ग ऐसी दवाओं का ज्यादा इस्तेमाल कर रहे हैं। अनावश्यक रूप से ली जाने वाली ये दवाएं शरीर में फायदेमंद जीवाणुओं को भी नष्ट कर देती हैं, जिससे और भी कई स्वास्थ्य समस्याएं पैदा हो जाती हैं। विशेषज्ञों की राय है कि रोग प्रतिरोधक दवा चिकित्सक के परामर्श से ही लेनी चाहिए। साथ ही, स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं और नीति निमार्ताओं को भी चाहिए कि ऐसी दवाओं के इस्तेमाल व बिक्री को लेकर नियमों को और सख्त करें।

ग्रीनफील्ड होटल निवेश में तेज उछाल महामारी के पहले के स्तर को छुआ

नई दिल्ली। ग्रीनफील्ड होटल निवेश 2024 की पहली छमाही में बढ़कर महामारी के पहले के स्तर पर पहुंच गया है। इसकी वजह होटल चेन का टियर 2,3 और 4 शहरों में तेजी से विस्तार करना है। एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। एचवीएस एनारॉक की रिपोर्ट में बताया गया कि 2023 में ग्रीनफील्ड डेवलपमेंट कुल होटल निवेश का 48 प्रतिशत था और 2024 की पहली छमाही में यह बढ़कर 53 प्रतिशत हो गया है। यह 2019 के महामारी के स्तर से अधिक है। ग्रीनफील्ड होटल डेवलपमेंट के तहत खाली जमीन पर नई होटल बिल्डिंग बनाई जाती है। वहीं, ब्राउनफील्ड प्रोजेक्ट्स में मौजूदा प्रॉपर्टी का विस्तार किया जाता है।

एचवीएस एनारॉक के अध्यक्ष और सीईओ मनदीप एस.लांबा ने कहा, ब्राउनफील्ड डेवलपमेंट महामारी के बाद निवेशकों की पहली पसंद बन गई थी। इसकी वजह आर्थिक अस्थिरता के कारण कम जोखिम, जल्दी से प्रोजेक्ट पूरा होना था, लेकिन

अब निवेशकों का फोकस ग्रीन फील्ड प्रोजेक्ट्स पर है। उन्होंने आगे कहा कि ग्रीन फील्ड होटल चेन में निवेश बढ़ने की वजह टियर 2, 3 और 4 शहरों में होटलों का तेजी से विस्तार होना है। इससे पहले जेएलएल की ओर से जारी रिपोर्ट में कहा गया था कि 2024 की पहली छमाही में छह होटल डील पूरी हुई हैं। इसमें टियर 1 में ऑपरेशनल एसेट्स और ग्रीनफील्ड डेवलपमेंट के एक जमीन की लीज शामिल थी।

जेएलएल इंडिया के होटल और हॉस्पिटैलिटी के मैनेजिंग डायरेक्टर जयदीप डंग ने कहा, ऑपरेशनल संपत्तियों और जमीनों की बिक्री में निवेशकों का बढ़ता हुआ रुझान निवेश परिदृश्य के आकर्षण को दर्शाती है। यह बढ़ते हुए कमर्शियल मार्केट, बढ़ती एयर कनेक्टिविटी और अच्छी व्यापक आर्थिक स्थिति को दिखाती है। एक अन्य रिपोर्ट में कहा गया था कि इन्फ्रास्ट्रक्चर में सुधार के चलते इस साल की पहली छमाही में उच्च स्तर और प्रीमियम सेगमेंट में 2,706 नए कमरे जोड़े गए थे। इनमें से 994 कमरे (37 प्रतिशत) उच्च स्तर के जबकि शेष (63 प्रतिशत) में प्रीमियम सेगमेंट के थे।

सितंबर में विनिर्माण और सेवा क्षेत्र का उत्पादन धीमा पड़ा

नई दिल्ली। एचएसबीसी फ्लैश इंडिया कंपोजिट पीएमआई आउटपुट इंडेक्स अगस्त में 60.7 से गिरकर 59.3 पर आ गया। सोमवार को जारी सर्वेक्षण में यह जानकारी सामने आई। सर्वेक्षण में एचएसबीसी फ्लैश इंडिया मैन्युफैक्चरिंग पीएमआई में भी गिरावट आई। यह अगस्त में 57.5 से घटकर 56.7 पर आ गया। भारत के विनिर्माण और सेवा क्षेत्रों में संयुक्त उत्पादन में सितंबर में गिरावट आई। एचएसबीसी फ्लैश इंडिया कंपोजिट पीएमआई आउटपुट इंडेक्स अगस्त में 60.7 से गिरकर 59.3 पर आ गया। सोमवार को जारी सर्वेक्षण में यह जानकारी सामने आई। सर्वेक्षण में एचएसबीसी फ्लैश इंडिया मैन्युफैक्चरिंग पीएमआई में भी गिरावट आई। यह अगस्त में 57.5 से घटकर 56.7 पर आ गया। इस सर्वेक्षण में कारखाने की व्यावसायिक स्थितियों का आकलन किया जाता है। इसके तहत नए ऑर्डर, आउटपुट, रोजगार, आपूर्तिकर्ता का वितरण समय और इन्वेंट्री स्तरों को ध्यान में रखा जाता है। सर्वेक्षण में कहा गया है कि उत्पादन और नए ऑर्डर में वृद्धि जारी रही, लेकिन यह गति 2024 की शुरूआत के बाद से सबसे धीमी थी। सर्वेक्षण में कहा गया है, एसएंडपी ग्लोबल की ओर से संकलित नवीनतम एचएसबीसी 'फ्लैश' पीएमआई सर्वेक्षण ने सितंबर में भारत और निजी क्षेत्र में जारी मजबूत वृद्धि का संकेत दिया है, हालांकि 2024 में अब तक उत्पादन और नए ऑर्डर दोनों सबसे धीमी दरों पर बढ़े हैं।

पीएसयू कंपनियां तेजी से कर रही ग्रीन एनर्जी कारोबार का विस्तार

नई दिल्ली। शेयर बाजार में तेजी का फायदा उठाने और ग्रीन एनर्जी प्रोजेक्ट्स की फंडिंग के लिए कई सरकारी कंपनियां अपनी ग्रीन एनर्जी इकाई का आईपीओ लाने की तैयारी कर रही हैं। बड़ी सरकारी कंपनियों में कोल इंडिया, ओएनजीसी, एसजेवीएन, एनएचपीसी, इंडिया ऑयल और एनएलसी इंडिया की ओर से ग्रीन एनर्जी इकाई स्थापित की गई है और यह कंपनियां स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में कार्य कर रही हैं। एनटीपीसी ग्रीन की ओर से हाल ही में भारतीय प्रतिभूति विनिमय बोर्ड (सेबी) के पास 10,000 करोड़ रुपये के इनिशियल पब्लिक ऑफरिंग (आईपीओ) के लिए ड्राफ्ट पेपर जमा किए गए हैं। कंपनी के पास बड़ी संख्या में सोलर एसेट्स मौजूद हैं। एनटीपीसी की तरह ही कई अन्य सरकारी कंपनियां भी आईपीओ लाने की तैयारी कर रही हैं।

सरकार के स्वामित्व वाली एसजेवीएन की ओर से चालू वित्त वर्ष में 12,000 करोड़ रुपये का पूंजीगत निवेश करने की योजना बनाई गई है। इसका ज्यादातर हिस्सा कंपनी की सहयोगी इकाई एसजेवीएन ग्रीन एनर्जी में निवेश किया जाएगा। एसजेवीएन ग्रीन एनर्जी का लक्ष्य 2030 तक 25,000 मेगावाट और 2040 तक 50,000 मेगावाट की ग्रीन एनर्जी क्षमता विकसित करना है। देश की सबसे बड़ी सरकारी कोयला उत्पादन करने वाली कंपनी कोल इंडिया की ओर से स्वच्छ ऊर्जा सेक्टर में दो कंपनियां सीआईएल नवीकरणीय ऊर्जा और सीआईएल सोलर पीवी की स्थापना सोलर फोटोवोल्टिक मॉड्यूल के विकास के लिए की है। इसका उद्देश्य 2028 तक 5 गीगावाट की रिन्यूएबल एनर्जी क्षमता विकसित करना है। केंद्र सरकार की ओर से 2030 तक 500 गीगावाट की रिन्यूएबल एनर्जी क्षमता विकसित करने का लक्ष्य रखा गया है। 26 मई, 2023 तक सीपीएसई द्वारा 1,656 मेगावाट की सौर ऊर्जा और 51 मेगावाट की पवन ऊर्जा क्षमता स्थापित की जा चुकी थी।

राशिफल

मेष: पार्टनर के साथ खुशी के पल बिताने वाले हैं। गर्लफ्रेंड के साथ रोमांटिक ट्रिप पर जा सकते हैं। आप अपने जीवन साथी को कोई अच्छा तोहफा दे सकते हैं।

वृष: सुंदर जीवनसाथी की मनोकामना आज पूरी होने की संभावना है। विवाह स्थलों पर एक नजर डालें। एक दोस्त भी रिश्ता ला सकता है।

मिथुन: पार्टनर से विवाद हो सकता है। पारिवारिक जीवन में पत्नी के साथ संबंध अच्छे रहेंगे। प्रेमी की आर्थिक मदद कर सकते हैं।

कर्क: प्रेम संबंधों में मधुरता आएगी। कोई पुराना दोस्त किसी रिश्ते को शादी के लिए भेज सकता है। प्रेमी से आज की मुलाकात सुखद रहेगी।

सिंह: पार्टनर के साथ चल रहा विवाद खत्म होने वाला है। आप आपसी बातचीत से प्रेमी को अपने वश में कर सकते हैं। दाम्पत्य जीवन में सुख की दाता पत्नी होती है।

कन्या: पार्टनर के साथ चल रहा विवाद खत्म होने वाला है। बातचीत से प्रेमी को अपने वश में कर सकते हैं। वे रिश्ते में गर्माहट लाने के लिए कड़ी मेहनत करने जा रहे हैं।

तुला: पार्टनर के साथ गलतफहमी का शिकार हो सकता है। जीवनसाथी मानसिक सुख प्रदान करने वाला है। प्रेम जीवन में कोई दखल दे सकता है।

वृश्चिक: शादीशुदा लोगों के लिए आज का दिन काफी अच्छा रहेगा। आज आप अपने प्रेमी से दिल की बात करेंगे तो आपको सफलता मिलेगी।

धनु: अपने पार्टनर को ढेर सारी खुशियां देने वाले हैं। लव लाइफ के लिए नए संबंध स्थापित हो सकते हैं। आज लोग जो भी नया रिश्ता बनाते हैं, वह लंबे समय तक चलेगा।

मकर: आप किसी सहकर्मी की ओर आकर्षित होंगे। प्रेमी के साथ सैर-सपाटे का कार्यक्रम बन सकता है। दोस्त के साथ रोमांटिक पल बिताएंगे।

कुंभ: आज परिवार की जिम्मेदारी बखूबी निभाएंगे। प्रेमी से मिलने का विचार मन में आएगा। गर्लफ्रेंड के साथ तस्वीर देखने जा सकते हैं।

मीन: जीवनसाथी के साथ दिन बिताएंगे। किसी महिला से कुछ लोगों की नजदीकियां बढ़ेंगी। पति-पत्नी के संबंधों में मधुरता आएगी।

चुटकुले

टीटू नशे की हालत में फोटो खिंचवाने गया।
फोटोग्राफर- सर, आप किसके लिए फोटो खिंचवाना चाहते हैं?
टीटू- ड्राइविंग लाइसेंस के लिए।
फोटोग्राफर- इस नशे की हालत में?
टीटू- हां, ताकि जब भी पुलिस मेरी गाड़ी रुकवाए तो उन्हें लगे मेरी शक्ल ही ऐसी है।

गली से आवाज आई- 400 रुपये में जिंदगी भर बैठ कर खाइये।
पत्नी ने जल्दी से अपने पति को बाहर भेजा। बाहर निकल कर पति ने देखा और गुस्से में अंदर आ गया।
पत्नी - क्या हुआ?
पति - अरे यार, कुर्सी बेच रहा है।

मिंकी - मम्मी, मैं जीवन में आगे बढ़ने के लिए क्या करूं?
मम्मी (गुस्से से) - पत्थर ले और और सबसे पहले मोबाइल फोड़।

भगवा पार्षदों के मौहल्ले से मिलेगें चुनाव में कमल को कितने वोट

जनादेश मिलने के बाद भगवा लहरवीरों के कहर से शहर थर्रा गया। उन्हे चुना तो था कि हमारी आवाज बनेगें लेकिन कोई बाजार में बुलडोजर लेकर आ गया तो किसी ने पैठ बाजार में उगाही बांध ली। लैटर का सीन तो ऐसा हुआ कि भगवा ठेकेदार को भी पांच परसेंट देने के बाद ही मेंबर ने लिख कर दिया। किसी ने अवैध निर्माण की ही शिकायतो का टेंडर ले लिया तो किसी के लहजे ही बदल गये। बदले मिजाज और खत्म हुई लहर के बीच शहर में उपचुनाव आ रहा है। बाबा हवा के रूख को भांप रहे है और अलर्ट कर गये हैं कि अपने वोटो पर फोकस करों। मौहल्ला जनादेश पाकर जनप्रतिनिधि बने लहरवीरों के मौहल्ले को लेकर पुराने भाजपाई ने ही जो कहा वो सुनने लायक था। उन्होने कहा कि शहर के सारे वार्डो में रिपोर्ट ले लो अगर एक भी फूल मेंबर ने दो हजार सदस्य बनाये हों। उन्होने कहा कि बूथ रिपोर्ट भी पता चल जायेगी और दो दिन की बात है। अब तो बस ये देखना कि भगवा पार्षदों के मौहल्ले में फूल को कितने वोट मिलने हैं।

एम्स का सेटेलाईट छोड़ो और सरकारी अस्पताल बनवा दो

महाराज जी चाहते हैं कि गाजियाबाद वालों का भी अब ठीक से इलाज हो जाये। उन्होने एलान किया कि हम लोग गाजियाबाद में एम्स दिल्ली के एक सेटेलाईट सेंटर की भी तैयारी करने जा रहे हैं। एम्स की हैल्थ सुविधायें गाजियाबाद में भी मिलेगीं। इसके लिये प्रस्ताव को हम लोग आगे बढ़ा चुके हैं। सरकारी इलाज की बात दिल्ली से सटे नदियापार में पहुंची तो एक बार फिर से उस सरकारी अस्पताल का जिक्र छिड़ गया जो वसुंधरा में बन रहा था। बताने वालों ने बताया कि त्रिपाठी जी ने जमीन तलाश ली। क्रेडिट की जंग छिड़ गई और मौका पाकर सरकारी अस्पताल की फाईल ही लापता हो गई। इतनी बड़ी आबादी हैं और यहां से तो आपको लोकसभा टू विधानसभा सबसे बड़ा जनादेश मिलता है। बाबा आप दिल्ली से सटे इस इलाके में सरकारी अस्पताल बनवा दो। जो गर्भवती महिला पूरी रात इलाज के लिये अस्पतालों में भटकते भटकते मर गई थी। अब तो उसका तर्पण भी हो रहा होगा क्योंकि कई साल हो गये इस बात को भी। एम्स की सेटेलाईट से पहले सरकारी अस्पताल बन जाता तो बड़ी कृपा होती।

सितंबर छोड़ो और अक्तूबर में पूछ लेना बूथ कमेटी का हिसाब

बाबा आये और बूथ कमेटी को लेकर लकीर खींच कर चले गये। देवतुल्य भी अब जुबान खोलने लगे हैं। वो कई बार हार्ड तो होते हैं लेकिन फिर अपने कथन को ऑफ द रिकार्ड कर लेते हैं। बूथ कमेटी को लेकर जुबान उस कार्यकर्ता ने खोली जो पहले रॉऊंड द क्लाक काम करता था लेकिन अब उसका दिल टूट चुका हैं। उसने कहा कि बाबा तो सितंबर की लकीरे खींच रहे हैं और आप मुझ से लिखवा लो अगर ये काम अक्तूबर में भी पूरा हो जाये तो। एक अदद महीने में क्या क्या किया जायेगा। सम्मेलन भी कर लें और सदस्यता अभियान भी चला लें। राहुल गांधी का घर भी घेर ले और बूथ कमेटी भी बना लें। सिंतबर तो छोड़ो अक्तूबर में भी कागजी हिसाब ही तैयार हो सकता है।

32 करोड़ जुटाने उतरी कंपनी को 2,221 करोड़ के आवेदन खुदरा निवेशकों ने 41 गुना से ज्यादा पैसा लगाया

नई दिल्ली। पैरामाउंट फोर्जिंग के प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम यानी आईपीओ में गैर संस्थागत निवेशकों ने अपने हिस्से की तुलना में 220 गुना ज्यादा आवेदन किया। छोटी और मझोली यानी एसएमई कंपनियों के आईपीओ लगातार रिकॉर्ड बना रहे हैं। 32.34 करोड़ रुपये जुटाने उतरी पैरामाउंट फोर्जिंग को 2,221 करोड़ रुपये के आवेदन मिले हैं। कंपनी ने 39.22 लाख शेयर जारी किए थे। अंतिम दिन शुक्रवार को उसे 26.96 करोड़ शेयरों के लिए आवेदन मिला। यानी इश्यू करीब 69 गुना भर गया पैरामाउंट फोर्जिंग के प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम यानी आईपीओ में गैर संस्थागत निवेशकों ने अपने हिस्से की तुलना में 220 गुना ज्यादा आवेदन किया।

दैनिक करंट क्राइम

समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।

संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम

K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, MoÜ 09899655497
Email: currentcrimenews@gmailÜcom
Website: wwwÜcurrentcrimeÜcom

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए।जी।एस। पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

24 09 2024 करंट क्राइम

आज के जन्मदिन

परिवार की ओर से आपको जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

सेलेब्रिटी जन्मदिन



सृष्टि रोडे
अभिनेत्री

अनामिका चौहान

मीनाक्षी चौधरी

रोमा श्रीवास्तव

डॉ. वीरेश्वर त्यागी

देवांशु गौतम

मनीष गुप्ता

करण शर्मा

राजकुमार यादव

संजीत गौड़

जीत गोयल

मोहित शर्मा

श्याम सुंदर माहेश्वरी

प्रवीण कुमार शर्मा

सौरभ चौधरी

सौरभ शर्मा

नितिन सहलोत

पवन दीक्षित

विकास भड़ाना

दीपक मित्तल

आकाश कश्यप

सतीश मंडल

अमन गुप्ता

सुमित भट्ट

सनी

मोहित मुद्गल

सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com

शतरंज ओलंपियाड में मिली ऐतिहासिक जीत पर पीएम मोदी ने खिलाड़ियों को सराहा, आनंद ने भी दी बधाई

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शतरंज ओलंपियाड में स्वर्ण पदक जीतने पर पुरुष और महिला शतरंज टीमों को बधाई दी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह उल्लेखनीय उपलब्धि भारत के लिए खेलों में नए अध्याय का प्रतीक है। भारत ने रविवार को इतिहास रचते हुए पुरुष और महिला टीम वर्ग में खिताब जीते थे। यह पहली बार था जब भारतीय टीम ने इस टूर्नामेंट में स्वर्ण पदक अपने नाम किया था।

भारत के पुरुष और महिला शतरंज खिलाड़ियों ने इतिहास रचते हुए 45वें शतरंज ओलंपियाड में विजेता बनने का गौरव हासिल कर लिया था। शतरंज ओलंपियाड के 97 साल के इतिहास में पहली बार भारतीय बेटों और बेटियों ने स्वर्ण जीता है। पुरुष टीम ने 11वें और अंतिम दौर में स्लोवेनिया को 3.5-0.5 से हराया और महिला टीम ने अजरबैजान को इसी अंतर से हराया।

पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा, भारत के लिए ऐतिहासिक जीत। हमारे दल ने 45वां फिड शतरंज ओलंपियाड जीता। भारत ने शतरंज ओलंपियाड में ओपन और महिला वर्ग दोनों में स्वर्ण पदक अपने नाम किए। महिला और पुरुष शतरंज टीमों को बधाई। यह उल्लेखनीय उपलब्धि भारत के लिए खेलों में नए अध्याय का प्रतीक है। यह सफलता शतरंज की आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करेगी।

दिग्गज खिलाड़ी और पांच बार के विश्व चैंपियन विश्वनाथन आनंद ने भी शतरंज ओलंपियाड में पहली बार स्वर्ण पदक जीतने वाली भारत की पुरुष और महिला टीमों को बधाई देते हुए इसे हैरतअंगेज खेल का नतीजा बताया। आनंद ने एक्स पर लिखा, भारतीय पुरुष टीम को ओलंपियाड में एक दौर शेष रहते हुए जीत दर्ज करने पर बधाई। ऐतिहासिक प्रदर्शन। निश्चित तौर पर हैरतअंगेज खेल। डी गुकेश और अर्जुन एरिगेसी को व्यक्तिगत सफलता के लिए बधाई। भारतीय महिला टीम को भी बधाई। पूरी टीम और कप्तान अभिजीत कुंटे ने शानदार परिणाम हासिल किया। विशेष रूप से दिव्या देशमुख और वंतिका अग्रवाल को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए बधाई।

टूर्नामेंट में अजेय रही भारतीय पुरुष टीम

डी गुकेश, अर्जुन एरिगेसी, आर प्रज्ञानंद, विदित गुजराती और पी हरिकृष्णा की पुरुष टीम पूरे टूर्नामेंट में अजेय रही और कुल 22 में से 21 अंक हासिल किए। पुरुषों में अमेरिका ने रजत और उज्बेकिस्तान ने कांस्य जीता। डी हरिका, आर वैशाली, दिव्या देशमुख, वंतिका अग्रवाल और तानिया सचदेव की महिला टीम ने 19 अंक हासिल किए। कजाकिस्तान को रजत और अमेरिका को कांस्य मिला भारतीय खिलाड़ियों का व्यक्तिगत प्रदर्शन भी शानदार रहा। इससे पहले 2014 और 2022 में भारतीय पुरुष टीम ने कांस्य और महिलाओं ने 2022 में कांस्य पदक जीता था।

मोहम्मद रफीक खान? जिसने भारत के लिए चेस में पहला ओलंपियाड मेडल जीता था

नई दिल्ली। भारत के लिए रविवार को दिन बेहद खास रहा, जहां शतरंज ओलंपियाड में भारतीय पुरुष टीम और महिला टीम ने गोल्ड मेडल जीतकर इतिहास रच दिया। भारत की इन दोनों ही टीमों ने पहली बार गोल्ड मेडल जीता। पुरुष और महिला टीमों ने टॉप पर रहते हुए चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। बुडापेस्ट में आयोजित 45वें शतरंज ओलंपियाड में भारतीय खिलाड़ियों ने अंतिम दौर में अपने अपने प्रतिद्वंद्वियों को हराकर इस प्रतियोगिता में पहली बार अपना नाम इतिहास में दर्ज करा दिया है।

हालांकि, जब भी चेस का नाम आता है तो हर भारतीय की जुंबा पर विश्वानाथन आनंद का नाम आता है। आनंद पांच बार के वर्ल्ड चैंपियन रह चुके हैं, लेकिन आनंद से पहले भी भारत के पास एक चेस खिलाड़ी था जिसने चेस की दुनिया में खूब नाम कमाया था। वो थे मोहम्मद रफीक खान। 1980 में शतरंज ओलंपियाड में सिल्वर मेडल जीतकर मोहम्मद रफीक ने पूरी दुनिया में अपना और अपने देश का नाम रौशन किया। उस दौरान माल्टा में हुए टूर्नामेंट में भारत के लिए मेडल जीतने वाले खिलाड़ी बने थे। रफीक ने 13 में से कुल 9 मुकाबले अपने नाम किए थे जबकि 2 मैच ड्रॉ रहे थे। हालांकि, वो कभी भी अपने करियर में कभी ग्रैंडमास्टर नहीं बन सके।

1976 में, रफीक भारतीय शतरंज में चर्चा का विषय बन गए थे, क्योंकि उन्होंने नेशनल बी के लिए चैंपियनशिप जीती थी। उस टूर्नामेंट में खान ने 11 गेम जीते थे। हालांकि, उसी साल 1976 की नेशनल ए चैंपियनशिप में रफीक खान ने कुछ खास प्रदर्शन नहीं किया और वह टूर्नामेंट से बाहर हो गए थे।

बता दें कि, रफीक एक कारपेंटर के बेटे थे और उन्होंने कोई हाई एजुकेशन नहीं ली थी। अपनी खुद के खर्चों को चलाने के लिए वह बाद में खुद भी कारपेंटर बन गए थे। शतरंज के खेलने उन्हें अपनी ओर आकर्षित किया और उन्होंने इस खेलना शुरू कर दिया। रफीक आगे चलकर भारत के लिए पहले ओलंपियाड चेस मेडल विजेता थे। लेकिन 19 जुलाई 2019 के दिन रफीक ने 73 वर्ष की आयु में आखरी सांस ली थी।

टेनिस- टीम यूरोप ने 5वीं बार जीता लेवर कप: टीम वर्ल्ड को 13-11 से हराया, आखिरी मैच में अल्काराज जीते

- इससे पहले टीम यूरोप 3 साल पहले 2021 में चैंपियन बनी थी।

बर्लिन। स्पेन के टेनिस कार्लोस अल्काराज के दमदार प्रदर्शन से टीम यूरोप ने लेवर कप जीत लिया है। यूरोप ने टीम वर्ल्ड को 13-11 से हराया। 21 साल के अल्काराज ने रविवार रात आखिरी मैच में टेलर फ्रिट्ज को 6-2, 7-5 से मात दी। टीम यूरोप ने 5वीं बार लेवर कप जीता है। इससे पहले टीम यूरोप 3 साल पहले 2021 में चैंपियन बनी थी। जीत के बाद अल्कारेज ने कप्तान ब्योर्न बोर्ग को गले लगाकर कहा- 'हमने यह आपके लिए किया है।' कप्तान बोर्ग ने अपने कॉम्पटीटर, दोस्त और टीम वर्ल्ड के कप्तान जॉन मैकेनरो पर 5-2 के रिकॉर्ड के साथ अपना कार्यकाल समाप्त किया।

आखिरी दिन अल्कारेज, ज्वेरेव और दिमित्रोव ने कराई वापसी टूर्नामेंट के तीसरे और आखिरी दिन टीम यूरोप 4-8 से पिछड़ रही थी। ऐसे में अल्कारेज और रूड की जोड़ी ने दिन के पहले डबल्स मैच में बेन शेल्टन और फ्रांसिस टियाफो पर 6-2, 7-6 की जीत दर्ज की और फाइनल स्कोर 7-8 कर दिया, लेकिन दिमित्रोव बेन शेल्टन के खिलाफ 7-6, 5-7, 7-10 से हार गए। यहां टीम वर्ल्ड 11-7 से आगे हो गई।

ऐसे में ज्वेरेव और अल्कारेज ने अपने-अपने सिंगल्स मैच जीतकर 6 अंक अर्जित किए और टीम को जीत दिला दी। ज्वेरेव ने फ्रांसिस तियाफो को 6-7, 7-5, 10-5 से हराया।

जबकि अल्कारेज आखिरी और निर्णायक मैच में टेलर फ्रिट्ज पर 6-2, 7-5 की जीत हासिल की। टीम यूरोप ने आखिरी दिन 3 मैच जीतकर 9 अंक हासिल किए और रोमांचक टूर्नामेंट को 13-11 से जीता।

लेवर कप क्या है?

लेवर कप टेनिस का एक प्रतिष्ठित टूर्नामेंट है। जो टीम यूरोप और टीम वर्ल्ड के बीच खेला जाता है। इसकी शुरूआत 2017 में हुई थी। यह टूर्नामेंट 3 दिनों का होता है। 3 दिवसीय इस टूर्नामेंट में हिस्सा ले रही दोनों टीमों में 6-6 सदस्य होते हैं। एक में यूरोपियंस स्टार्स को शामिल किया जाता है, जबकि दूसरी में दुनिया भर के टॉप प्लेयर्स होते हैं।

कैसे खेला जाता है?

टूर्नामेंट में 9 सिंगल्स और 3 डबल्स मुकाबले होते हैं। हर दिन एक डबल्स और 3 सिंगल्स मैच होते हैं। पहले दिन के हर मैच जीतने पर एक अंक मिलता है, जबकि दूसरे दिन 2 और तीसरे दिन का मैच जीतने पर 3 अंक मिलते हैं। पहले 13 अंक तक पहुंचने वाली टीम चैंपियन बनती है।

नामुमकिन सा होगा निकोलस पूरन का 150 छक्कों का रिकॉर्ड ध्वस्त करना 43 गेंद में ही ठोक डाले 93 रन

नई दिल्ली। कहते हैं क्रिकेट में रिकॉर्ड्स बनते ही टूटने के लिए हैं, लेकिन निकोलस पूरन ने जो रिकॉर्ड बना डाला है, वह तोड़ पाना किसी भी बैटर के लिए नामुमकिन सा हो सकता है। 2024 से पहले एक साल में सबसे ज्यादा टी20 छक्कों का वर्ल्ड रिकॉर्ड कैरेबियाई बैटर और यूनिवर्स बॉस के नाम से मशहूर क्रिस गेल के नाम दर्ज था। गेल ने 2015 में 135 छक्के लगाए थे। गेल का यह रिकॉर्ड नौ साल बाद जाकर निकोलस पूरन ने ध्वस्त कर डाला, लेकिन वह यहीं रुकने वाले बैटर नहीं हैं। कैरेबियन प्रीमियर लीग (सीपीएल) 2024 में 22 सितंबर को ट्रिनबागो नाइट राइडर्स और सेंट किट्स एंड नेविस पैट्रियॉट्स के बीच खेले गए मैच में पूरन ने 43 गेंदों पर नॉटआउट 93 रनों की पारी खेली, इस दौरान उन्होंने कुल सात छक्के लगाए और टी20 क्रिकेट में एक साल में 150 छक्कों का जादुई आंकड़ा छू लिया, जो उनसे पहले कभी कोई नहीं कर पाया है।

पूरन की इस दमदार पारी के दम पर ट्रिनबागो नाइट राइडर्स ने सात विकेट से जीत दर्ज की। 20 ओवर में सेंट किट्स एंड नेविस पैट्रियॉट्स ने चार विकेट पर 193 रन बनाए, जवाब में 18.3 ओवर में ही ट्रिनबागो

नाइट राइडर्स ने लक्ष्य हासिल कर लिया। जेसन रॉय ने 34 गेंद पर 64 रन बनाए। टी20 क्रिकेट के इतिहास में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बैटर्स की बात करें तो क्रिस गेल इस लिस्ट में सबसे ऊपर हैं। क्रिस गेल ने 2005 से लेकर 2022 के बीच कुल 1056 छक्के लगाए हैं। इस लिस्ट में दूसरे नंबर पर कीरोन पोलार्ड हैं, जिन्होंने अभी तक कुल 892 छक्के लगाए हैं।

आंद्रे रसेल इस लिस्ट में तीसरे नंबर पर हैं, जिन्होंने कुल 709 छक्के लगाए हैं। इसके बाद पूरन का नाम आता है, जिनके खाते में अब कुल 563 छक्के हो चुके हैं। टी20 क्रिकेट में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले टॉप-4 बैटर कैरेबियाई ही हैं, और इसका सबसे बड़ा कारण यह है कि दुनिया भर की अलग-अलग टी20 लीग्स में सबसे ज्यादा हिस्सा कैरेबियाई खिलाड़ी ही लेते हैं।

क्रिस गेल ने 2005 से लेकर 2022 के बीच कुल 1056 छक्के लगाए हैं। इस लिस्ट में दूसरे नंबर पर कीरोन पोलार्ड हैं, जिन्होंने अभी तक कुल 892 छक्के लगाए हैं।

स्टार शटलर पीवी सिंधु को नए कोच की तलाश, रिटायमेंट नहीं बल्कि ये है भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी का अगला लक्ष्य

नई दिल्ली। भारतीय स्टार शटलर पीवी सिंधु पेरिस ओलंपिक में भले ही मेडल नहीं जीत पाई हों लेकिन उनका अगल लक्ष्य तय हो चुका है। दरअसल, सिंधु ने 2016 के रियो ओलंपिक में सिल्वर और 2021 के टोक्यो ओलंपिक में ब्रॉन्ज मेडल जीता था। पेरिस ओलंपिक में पहली बार ऐसा हुआ जब पीवी सिंधु बिना मेडल के देश लौटीं। उनका सफर क्वार्टर फाइनल में ही खत्म हो गया। वहीं अब सिंधु को अपने नए कोच की तलाश है।

29 वर्षीय सिंधु लॉस एंजेलिस ओलंपिक तक 33 की हो जाएंगे। बैडमिंटन जैसे खेल में 33 की उम्र में ओलंपिक मेडल जीतना आसान नहीं होता। सिंधु का अगल ओलंपिक खेलना उनकी फिटनेस पर निर्भर करता है। हालांकि, उनका अगल लक्ष्य एशियन गेम्स 2026 है। वह इसके लिए नया कोच तलाश रही हैं

और उन्होंने बेंगलुरु छोड़ हैदराबाद लौटने का फैसला भी किया है।

फिलहाल, पीवी सिंधु के पिता पीवी रमन ने इंडिया एक्स्प्रेस को बताया कि उनकी बेटी अब कुछ समय तक अनूप श्रीधर के साथ ट्रेनिंग करेंगी। साथ ही उन्होंने बताया कि, सिंधु ट्रेनिंग के लिए हैदराबाद के गाचीबावली स्टेडियम लौट आई हैं। अभी कोई कैंप नहीं चल रहे हैं इसलिए हैदराबाद में ट्रेनिंग शुरू कर दी है। वह सीजन के शुरूआत अर्कटिक ओपन से करेगी।

बांग्लादेश पर भारत की जीत के बाद इस पूर्व पाकिस्तान खिलाड़ी ने पीसीबी को लताड़ा

नई दिल्ली। भारत ने बांग्लादेश को पहले टेस्ट में हराकर जीत दर्ज की। जिसके बाद पूर्व पाकिस्तानी क्रिकेटर कामरान अकमल ने अपने ही क्रिकेट बोर्ड को प्रोफेशनलिज्म का पाठ पढ़ाया है। भारत के खिलाफ बांग्लादेश की जो टीम चेन्नई टेस्ट में उतरी लगभग उसी टीम ने पिछले दिनों पाकिस्तान को उन्हीं के घर पर 2-0 से सीरीज हराई थी। पाकिस्तान की हार का जिम्मेदार कामरान अकमल ने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड को ठहराया है और कहा है कि अगर सबकुछ ठीक चल रहा होता तो पाकिस्तान क्रिकेट को नुकसान नहीं होता।

कामरान ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा कि, पीसीबी को बीसीसीआई उनके पेशेवर रवैये उनकी टीम, चयनकर्ता, कप्तान और कोचों से सीखना चाहिए। यही चीजें हैं जो एक टीम को नंबर एक बनाती हैं और

दुनिया पर हावी बनाती हैं। अगर हम इतने अच्छे होते, तो पाकिस्तान क्रिकेट यहां नहीं होता। आपके अहंकार की वजह से ही पाकिस्तान क्रिकेट को नुकसान उठाना पड़ रहा है।

बांग्लादेश के खिलाफ हाल ही में टेस्ट सीरीज में पाकिस्तान की हार ने उस उथल-पुथल की याद दिला दी है, जिसमें वे पिछले कुछ सालों से फंसे हुए हैं।

2022 एशिया कप के फाइनल में बाबर आजम की अगुवाई वाली पाकिस्तानी टीम को श्रीलंका के हाथों का हार का सामना करना पड़ा था। वहीं अगले सीजन में टीम सुपर-4 से बाहर हो गई थी। इसके बाद टीम भारत में वनडे वर्ल्ड कप 2023 खेलने आई जहां टीम को ग्रुप स्टेज से बहार होकर ही घट लौटना पड़ा।

3 अक्टूबर से खेला जाएगा 2024 टी20 वर्ल्ड कप

नई दिल्ली। महिला टी20 वर्ल्ड कप 2024 का आयोजन यूएई में होने वाला है। यह महिला टी20 वर्ल्ड कप का 9वां संस्करण है, जिसकी शुरूआत 3 अक्टूबर से होगी। पिछली 3 बार से ऑस्ट्रेलिया वर्ल्ड कप टॉफी उठाता आ रहा है और इस बार भी कंगारू टीम चैंपियन बनने की प्रबल दावेदारों में से एक है।

महिला टी20 वर्ल्ड कप का नौवां संस्करण 3-20 अक्टूबर तक चलेगा। टूर्नामेंट में कुल 10 टीम भाग ले रही होंगी और उनके बीच फाइनल समेत 23 मैच खेले जाएंगे। इन 10 टीमों को पांच-पांच के 2 ग्रुप में बांटा गया है। भारत की बात करें तो उसे ग्रुप ए में शामिल किया गया है, जिसमें ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, श्रीलंका और पाकिस्तान मौजूद हैं। वहीं दूसरे ग्रुप में बांग्लादेश, इंग्लैंड, स्कॉटलैंड, दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज को रखा गया है।

अंडर-19 वनडे, भारत ने ऑस्ट्रेलिया से सीरीज जीती

दूसरे मैच में 9 विकेट से हराया; साहिल का शतक, अभिज्ञान की फिफ्टी

पुडुचेरी। भारत की अंडर-19 टीम ने ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 के खिलाफ खेली जा रही 3 मैच की सीरीज जीत ली है। दूसरे अंडर-19 वनडे में भारत ने ऑस्ट्रेलिया को 9 विकेट से हरा दिया। पुडुचेरी में खेले जा रहे मुकाबले में ओपनर साहिल परख के शतक के चलते भारत ने मुकाबला अपने नाम किया।

सोमवार को टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी कंगारू टीम 176 रन पर ऑलआउट हो गई। जवाब में भारत ने 22 ओवर में ही 1 विकेट खोकर टारगेट हासिल कर लिया। टीम की तरफ से साहिल परख ने 109 और अभिज्ञान कुंडु ने 53 रन की पारी खेली। समर्थ नागराज, मोहम्मद इनान और किरन चोरमाले ने 2-2 विकेट लिए। पहले वनडे में भारत ने ऑस्ट्रेलिया को 7 विकेट से हराया था। तीसरा और आखिरी मुकाबला 26 सितंबर को खेला जाएगा।

ऑस्ट्रेलिया ने 26 रन के अंदर आखिर के 4 विकेट गंवाए कंगारू टीम को रिले किंग्सल और एलेक्स ली यंग ने सधी शुरूआत दी। 36 रन के स्कोर पर टीम का पहला विकेट मोहम्मद इनान ने लिया। उन्होंने 19 रन के स्कोर पर एलेक्स ली यंग को बोल्ड कर दिया। इसके बाद रिले किंग्सल 15 रन पर रन आउट हो गए। कप्तान ओलिवर पीक को 15 रन पर किरन चोरमाले ने आउट किया।

ऑस्ट्रेलिया की तरफ सबसे ज्यादा 39 रन एडिसन शेरिफ ने बनाए। उनके अलावा क्रिश्चियन हॉवे ने 28 रन की पारी खेली। आखिरी के चार बल्लेबाज ऑस्ट्रेलिया के स्कोर में सिर्फ 26 रन जोड़ सके। पूरी टीम पारी के आखिरी ओवर में 176 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। भारत के लिए समर्थ नागराज, मोहम्मद इनान और किरन चोरमाले ने 2-2 विकेट लिए। हार्दिक राज और युधजीत गुहा को 1-1 विकेट मिला।

साहिल की सेंचुरी, अभिज्ञान की फिफ्टी 177 रन का पीछा करने उतरी भारतीय अंडर-19 टीम की शुरूआत खराब रही। टीम ने 24 रन के स्कोर पर पहला विकेट खो दिया। ओपनर रूद्र पटेल 10 रन बनाकर आउट हो गए। रूद्र के आउट होने के बाद साहिल और अभिज्ञान ने मिलकर शतकीय साझेदारी की। दोनों ने मिलकर तेजी से बल्लेबाजी की और 8.04 के रन रेट से 177 रन के टारगेट को सिर्फ 22 ओवर में हासिल कर लिया।

साहिल और अभिज्ञान ने दूसरे विकेट के लिए 153 रन जोड़े। साहिल परख ने शानदार बैटिंग करते हुए 145 के स्ट्राइक रेट से रन बनाए। उन्होंने 75 बॉल पर 109 रन की पारी खेली। इनिंग में साहिल ने 14 चौके और 5 सिक्स लगाए। उनके अलावा अभिज्ञान कुंडु ने 50 बॉल पर 53 रन बनाए। पारी में उन्होंने 9 चौके लगाए। इंडिया अंडर 19 का एकमात्र विकेट हैरी होइकस्ट्रा ने लिया।

गॉल टेस्ट- श्रीलंका ने न्यूजीलैंड को 63 रन से हराया: प्रबाथ जयसूर्या को मैच में 9 विकेट; विलियमसन न्यूजीलैंड के टॉप स्कोरर बने

गॉल। गॉल में खेले जा रहे पहले टेस्ट मैच में श्रीलंका ने न्यूजीलैंड को 63 रन से हरा दिया। सोमवार को पांचवें दिन न्यूजीलैंड की टीम अपने कल के स्कोर 207 रन में सिर्फ 4 रन जोड़ सकी और 211 रन पर ऑलआउट हो गई। स्पिनर प्रबाथ जयसूर्या को मैच में 9 विकेट लेने के लिए प्लेयर ऑफ द मैच दिया गया।

275 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड की शुरूआत अच्छी नहीं रही। टीम ने 6 रन पर अपना पहला विकेट गंवा दिया। रचिन रवींद्र ने टीम के लिए सबसे ज्यादा 92 रन बनाए। दूसरी पारी में श्रीलंका के लिए प्रबाथ जयसूर्या ने 5 और रमेश मेंडिस ने 3 विकेट लिए, जबकि धनंजय डी सिल्वा और असिथा फर्नांडो को 1-1 विकेट मिला।

इससे पहले, श्रीलंका चौथे दिन के दूसरे सेशन से पहले ही दूसरी पारी में 309 रन पर ऑलआउट हो गई। श्रीलंका ने पहली पारी में 305 और जवाब में न्यूजीलैंड ने पहली पारी 340 रन बनाए थे।

प्रबाथ ने मैच में 9 विकेट लिए श्रीलंका के मैच विनर प्रबाथ जयसूर्या साबित हुए। उन्होंने पहले पारी में 4 और दूसरी पारी में 5 विकेट लिए। उन्होंने विलियमसन, ब्लंडेल, ग्लेन फिलिप्स, रचिन रवींद्र और विलियम ओ'रूर्क को आउट किया। 30.4 ओवर की गेंदबाजी में प्रबाथ ने 7 मेडन डाले और 68 रन देकर पांच विकेट लिए।

रचिन रवींद्र का अर्धशतक न्यूजीलैंड के लिए दूसरी पारी में सबसे ज्यादा 92 रन रचिन रवींद्र ने बनाए। उन्होंने टॉम ब्लंडेल के साथ मिलकर 56 रन जोड़े, लेकिन टीम को हार से नहीं बचा सके। रचिन ने अपनी पारी में 9 चौके और 1 सिक्स लगाया।

विलियमसन ने टेलर को पीछे छोड़ा विलियमसन ने सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में रॉस टेलर को पीछे छोड़ा है। विलियमसन ने अपने इंटरनेशनल करियर में 359 मैचों की 525 पारियों में 18,213 रन बनाए हैं। इस बीच उन्होंने 45 शतक और 98 अर्धशतक लगाए हैं। टेलर ने अपने इंटरनेशनल करियर में 450 मैचों में 18,199 रन बनाए थे। उन्होंने अपने करियर में 40 शतक और 93 अर्धशतक लगाए थे।

एजाज ने दूसरी पारी में 6 विकेट लिए श्रीलंका की दूसरी पारी में 309 रन पर आउट हो गई। न्यूजीलैंड के स्पिनर एजाज पटेल ने दूसरी पारी में 6 विकेट लिए। पहली पारी में 5 विकेट लेने वाले विलियम ओरूर्क ने 3 विकेट लिए। श्रीलंका की तरफ से सबसे ज्यादा 83 रन दिमुथ करुणारत्ने ने बनाए। उनके अलावा दिनेश चांदीमल ने 61 रन की पारी खेली। एंजलो मैथ्यूज ने 50 रन बनाए।

श्रीलंका पहली पारी में 305 रन बनाए मैच के दूसरे दिन श्रीलंका पहली पारी में 305 रन पर ऑलआउट हो गई थी। टीम से कमिंदु मेंडिस ने 114 रन बनाए। न्यूजीलैंड से पहली पारी में तेज गेंदबाज विलियम ओरूर्क ने 55 रन देकर 5 विकेट लिए। न्यूजीलैंड की टीम 340 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। टीम की ओर से टॉम लैथम ने 70, डेरिल मिचेल ने 57 और केन विलियमसन ने 55 रन बनाए। श्रीलंका की तरफ से प्रबाथ जयसूर्या ने सबसे ज्यादा 4 और रमेश मेंडिस ने 3 विकेट लिए।

शनिवार को रेस्ट-डे था गॉल टेस्ट 6 दिन (18 से 23 सितंबर) तक चलेगा, क्योंकि श्रीलंका में राष्ट्रपति चुनाव के कारण 21 सितंबर को रेस्ट का दिन था। सीरीज का दूसरा मुकाबला 26 से 30 सितंबर तक खेला जाएगा। दोनों मैच भारतीय समयानुसार सुबह 10 बजे से शुरू होंगे।

रक्तदान है महादान आपका भवन कवि नगर में लगाया गया रक्तदान शिविर

गाजियाबाद, करंट क्राइम। वनवासी कल्याण आश्रम गाजियाबाद शाखा के तत्वाधान में रविवार को वरदान मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल के सहयोगार्थ रक्तदान शिविर का आयोजन आपका भवन कवि नगर में किया गया। रक्तदान शिविर का शुभारंभ प्रणिता दीदी प्रमुख चिन्मय मिशन गाजियाबाद व अध्यक्षता प्रमुख समाजसेवी राजकुमार शिशोदिया ने की।

बनवासी कल्याण आश्रम वार्षिक कार्यक्रम के रूप में रक्तदान शिविर का आयोजन करता है तथा उस कड़ी में रविवार को आठवां रक्तदान शिविर लगाया गया। शिविर में सुबह से ही रक्तदान करने वालों की संख्या बहुत अच्छी रही। शिविर मे प्रमुख रूप से डॉ. अरुण अरोड़ा, दिनेश गर्ग, पूर्व अध्यक्ष विवेक सिंघल,जगदीश साधना, विपिन राठी, अंकुर अग्रवाल, मनीष, आयुष, राजकुमार, नितिन, अंबरीश, राहुल ने शिविर को सफल बनाने मे सहयोग दिया। रक्तदान शिविर के समापन में वनवासी कल्याण आश्रम गाजियाबाद के अध्यक्ष सचिन

सिंघल ने रक्तदान शिविर सफल बनाने में सहयोग के लिए सभी का धन्यवाद दिया।

सांसद अतुल गर्ग के अथक प्रयास से चांदी फाटक से गांधी रोड फाटक के बीच स्वच्छता अभियान के अंतर्गत कराई गई सफाई

पालिका अध्यक्ष विभु बंसल ने अधिकारियों को साथ लेकर किया स्थलीय निरीक्षण

गाजियाबाद, करंट क्राइम। सांसद अतुल गर्ग एवं पालिका अध्यक्ष विभु बंसल के द्वारा रेलवे मंत्री अश्विनी वैष्णव से मिलने के बाद नगर पालिका परिषद पिलखुवा एवं रेलवे विभाग के सीनियर सेक्शन इंजीनियर बंसल, त्यागी तथा इलेक्ट्रीशियन संकेतक आदि स्टाफ की मौजूदगी में चांदी फाटक से लेकर गांधी रोड फाटक के बीच रेलवे ट्रैक के दोनों और स्वच्छता अभियान के अंतर्गत सफाई कराई गई। यह कूड़ा लगभग 2 दशकों से नहीं उठ पा रहा था क्योंकि रेलवे से परमिशन नहीं हो पा रही थी। रेलवे मंत्री अश्विनी वैष्णवी के आदेश प्राप्त होने के बाद यह स्वीकृति हो गई और आज यह स्वच्छता अभियान शुरू हो गया है। यह नगर पालिका की सीमा में रेलवे पटरी के दोनों ओर लगातार चलता रहेगा इसके अलावा रेलवे के अधिकारियों द्वारा पालिका अध्यक्ष विभु बंसल को बताया गया कि राष्ट्रीय राजमार्ग से जीएस मेडिकल की ओर जाने वाले रास्ते पर बनने वाले अंडरपास के लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू हो गई है जिसके लिए पालिका अध्यक्ष द्वारा मान्य क्षेत्र सांसद अतुल गर्ग एवं रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव का धन्यवाद दिया एवं उन्होंने यह आग्रह भी दोहराया कि रेलवे स्टेशन के शहर की ओर से टिकट घर और रास्ते का कार्य भी रेलवे मंत्री एवं सांसद अतुल गर्ग के सहयोग से शीघ्र ही होने की उम्मीद है।

शोक संवेदना

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। भाजपा महानगर मंत्री धीरज शर्मा की माता के निधन पर शोक व्यक्त करने के लिए भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेन्द्र सिसौदिया उनके आवास पर पहुंचे। जहां उन्होंने शोक व्यक्त किया और धीरज शर्मा को सांत्वना दी। महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा, पूर्व मेयर अशु वर्मा, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष मयंक गोयल, गोपाल अग्रवाल, महानगर महामंत्री बॉबी त्यागी, संजीव झा ने भी धीरज शर्मा की माता के निधन पर शोक व्यक्त किया।

श्री सुल्लामल रामलीला कमेटी का सुरक्षा की दृष्टि से किया मुआयना

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। श्री सुल्लामल रामलीला कमेटी घंटाघर गाजियाबाद पर श्री रामलीला महोत्सव की तैयारी को लेकर सुरक्षा की दृष्टि से एसीपी सिटी रितेश त्रिपाठी, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली अनुराग शर्मा ने मुआयना किया। इस दौरान अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार वीरू बाबा, संरक्षक एवं सांसद प्रतिनिधि राजेंद्र मित्तल मेदी वाले, कार्यवाहक महामंत्री दिनेश शर्मा बब्बे, मेला प्रबंधक मोहित मित्तल, नंदकिशोर शर्मा नंदू, तनुज गंभीर, अंकुर गोयल आदि मौजूद रहे।

भाजपा नेताओं से राहुल गांधी की जान को खतरा : विजयपाल चौधरी

गाजियाबाद, करंट क्राइम। राहुल गांधी की जान को खतरा देखते हुए ओबीसी जिलाध्यक्ष विजय पाल चौधरी के नेतृत्व में सैकड़ों लोगों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन दिया। ज्ञापन देने वालों में मुख्य रूप से महानगर अध्यक्ष विजय पाल चौधरी, पूर्व महानगर अध्यक्ष नरेंद्र भारद्वाज और प्रदेश सचिव नसीम खान रहे। जिलाध्यक्ष विजयपाल चौधरी ने ज्ञापन देते हुए कहा कि जिस तरह से भाजपा नेता राहुल गांधी के प्रति आपराधिक भाषा का प्रयोग कर रहे हैं उससे हमारे नेता राहुल गांधी की जान को खतरा पैदा हो गया है इसलिए हम उनकी सुरक्षा के लिए एसपीजी कमांडो की मांग करते हैं।

विजय चौधरी और नरेंद्र भारद्वाज ने संयुक्त रूप से कहा कि राहुल गांधी के परिवार के दो लोगों जोकि देश के प्रधानमंत्री रहे हैं उन्होंने देश के लिए शहादत दी है, उनके बारे में भाजपा नेताओं को 'आतंकी' जैसे शब्दों का प्रयोग नहीं करना चाहिए। राहुल गांधी की जान को खतरा पैदा हो गया है इस लिए उनकी सुरक्षा केंद्र सरकार को बढ़ानी चाहिए। इस अवसर पर मुख्य रूप से मुन्ना बाबू, मोबीन खान, रमेश चौधरी, राजेंद्र चौधरी, शिवकुमार कश्यप, नरेंद्र प्रजापति, रामवीर चौधरी, विनोद चौधरी, प्रधान जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष कपिल यादव, महानगर युवा कांग्रेस अध्यक्ष शादाब अब्बासी, रितेश कसाना, हाजी खुर्शीद, राकेश बाली, पवन, राम शर्मा, नरेश कुमार, पीसीसी सदस्य राजाराम भारती, साहिल अब्बासी, आसिफ सिद्दीकी, लक्ष्मण जाटव कादर अली, इमरान मलिक, नैतिक शर्मा संजय, अमित यादव, संजय सिरोही विपिन, महासचिव अमित शर्मा, रियाजुद्दीन, सिराजुद्दीन सैफी, शोभित कुमार, कृष्ण कुमार, नरेश कश्यप, राहुल कुमार आदि मुख्य रूप से शामिल रहे।

एसडीजीआई ग्लोबल विश्वविद्यालय में चार दिवसीय जीवन कौशल प्रशिक्षण कार्यशाला का हुआ आयोजन

गाजियाबाद, करंट क्राइम। विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ एजुकेशन एवं जिला शिक्षण एवं प्रशिक्षण संस्थान, हापुड़ के संयुक्त तत्वावधान मे जीवन कौशल प्रशिक्षण-21वीं सेंचुरी अनुभव जन्य हेतु चार दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला में जनपद गाजियाबाद के लोनी, मुरादनगर, भौजपुर, राजापुर क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय, उच्च प्राथमिक विद्यालय, कम्पोजिट विद्यालय व माध्यमिक विद्यालयों के 200 शिक्षक व शिक्षिकाओं ने जीवन कौशल प्रशिक्षण में भाग लिया। इस कार्यशाला में सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने जीवन कौशल के महत्वपूर्ण बिन्दुओं भावना प्रबन्धन, समानुभूति, तनाव प्रबन्धन, समस्या समाधान, निर्णय लेना व स्वयं जागरूकता से संबंधित उपयोगी कौशल सीखे।

इस अवसर पर एस.डी. जी.आई. ग्लोबल यूनिवर्सिटी के कुलपति (आई/सी) प्रो. (डॉ.) प्रसेंनजीत कुमार ने बताया कि एक शिक्षक के लिए समय के अनुसार बदलते परिवेश में जीवन कौशल प्रशिक्षण अत्यन्त आवश्यक है।

प्रति-कुलपति पीयूष श्रीवास्तव, आई.जी. पुलिस (से.नि.) ने वर्तमान समय में छात्रों में उत्पन्न हो रही तनाव संबंधी समस्याओं के निवारण हेतु इस प्रकार के प्रशिक्षण के आयोजन की सराहना की। स्कूल ऑफ एजुकेशन के डायरेक्टर डॉ. अवधेश प्रताप सिंह ने प्रशिक्षण में प्रतिभाग कर रहे सभी शिक्षकों को एक शिक्षक के लिए समय प्रबन्धन एवं सृजनात्मक चिंतन के उपयोगी तथ्यों से उजागर कराया।

इस अवसर पर जितेन्द्र कुमार (डायट प्राचार्य), सुधीर कुमार (वरिष्ठ प्रवक्ता डायट), देवांकुर (रिसोर्स पर्सन), डॉ. नेहा चैधरी, पूजा एवं सम्मत स्टाफ गण मौजूद रहे।

शासन की योजनाओं को सफल बनाने के साथ-साथ पेंडिंग प्रोजेक्ट भी पूर्ण करा रहे हैं नगर आयुक्त

पुरबिया समाज ने जताया निगम का धन्यवाद

गाजियाबाद, करंट क्राइम। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के नेतृत्व में जहां गाजियाबाद नगर निगम की शहर हित में शासन की कई योजना फलीभूत हो रही हैं, इसी क्रम में पेंडिंग पड़े प्रोजेक्ट भी नगर आयुक्त के मॉनिटरिंग में पूर्ण हो रहे हैं। उत्तरांचल तथा पूर्वांचल भवन का भी निर्माण पूर्ण हो चुका है। आगामी त्योहारों से पूर्ण भावनाओं के तैयार होने पर पुरबिया समाज तथा पहाड़ी समाज ने नगर आयुक्त का पुष्प कुछ भेंट कर धन्यवाद जताया तथा निगम का आभार व्यक्त किया। साथ ही उत्तरांचल तथा पूर्वांचल भवन का संचालन निगम द्वारा किया जाए नगर आयुक्त को ज्ञापन भी सौंपा गया।

पुरबिया जन कल्याण परिषद, पर्वतीय भ्रात समाज उत्तराखंड समाज द्वारा उत्तरांचल तथा पूर्वांचल भवन की शोभा को देखते हुए निगम का बहुत-बहुत धन्यवाद किया तथा संचालन की प्रक्रिया को करने से पूर्व अपने सुझाव नगर आयुक्त के समक्ष रखे। निगम द्वारा दोनों भवनों का संचालन किया जाए पत्र भी सौंपा गया। भवनों का इस्तेमाल समाज तथा शहर निवासियों के हित में हो, निर्णय लेने के लिए विचार रखा गया। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा उपस्थित उत्तराखंड समाज तथा पुरबिया समाज के सुझावों का सम्मान करते हुए सर्वसम्मति से निर्णय लिया जाएगा। उत्तरांचल तथा पूर्वांचल भवन के पीछे की भावनाओं का ध्यान रखा जाएगा उपस्थित जनों को बताया गया।

30 सितंबर से शुरू होगा रामलीला कमेटी संजय नगर का आयोजन

गाजियाबाद, करंट क्राइम। आदर्श धार्मिक रामलीला कमेटी (रजि.), संजय नगर के तत्वावधान में सोमवार को एक प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया। श्री आदर्श धार्मिक रामलीला कमेटी संजय नगर के तत्वावधान में आगामी 30 सितंबर से रामलीला मंचन शुरू होने जा रहा है। समापन आगामी 14 अक्टूबर 2024 को फूलों की होली के साथ किया जाएगा। 5 अक्टूबर को श्रीराम बारात का भव्य आयोजन किया जाएगा। 12 अक्टूबर को रावण-कुंभकरण व मेघनाथ के पुतलों का दहन कर दशहरा पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा। रामलीला मंचन के साथ स्थानीय नागरिय व बच्चों के मनोरंजन के लिए भव्य मेला की भी व्यवस्था रहेगी। प्रेसवार्ता के अवसर पर मुख्य रूप से स्थानीय पार्षद उमेश पप्पू नागर, मोहन सिंह रावत, अशोक चांचीवाल, रविन्द्र प्रदीप चौधरी, किरण पाल तेवतिया, सिंह राणा, संजीव चौधरी, अनुज रादन सतपाल देशवाल, डी.पी. नागर, कौशल शर्मा, अमरदत्त शर्मा, आर.एस. शर्मा, झम्मन चौधरी, तरुण शर्मा, खचेडू शर्मा, सुदर्शन शर्मा उपस्थित रहे।

प्रधानमंत्री मोदी हैं जनता के सबसे लोकप्रिय नेता : श्यामवीर चौधरी

गाजियाबाद, करंट क्राइम। पूर्व मेयर प्रत्याशी व सदस्य प्रदेश कार्य समिति ओबीसी मोर्चा भाजपा श्यामवीर चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश की जनता के सबसे लोकप्रिय नेता हैं। जनता उन्हें बखूबी पसंद करती है। नरेंद्र मोदी ने शुरुआती जीवन से ही राजनीति में सक्रियता दिखाई और भाजपा का जन आधार मजबूत करने में प्रमुख भूमिका निभाई। एक सांसद से लेकर प्रधानमंत्री तक का सफर उन्होंने बहुत ही सफलतापूर्वक तय किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विकास पुरुष के नाम से यूं ही नहीं जाने जाते। इसके पीछे उनके कठिन परिश्रम और देश प्रेम की भावना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की छवि जनता के बीच एक कुशल नेता की है। उनका स्वच्छता अभियान देश भर में पसंद किया गया। उनकी जीवन शैली अक्सर चर्चा में रहती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी विदेश यात्राओं के लिए काफी चर्चित हैं। विदेशों में उनके आगमन पर खासा उत्साह नजर आता है। एक सर्वे के अनुसार नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री पद के लिए जनता की पहली पसंद बताया है। वे एक अच्छे वक्ता भी हैं जिन्हें सुनने के लिए बहुत सारी संख्या में श्रोता इकट्ठे होते हैं। प्रधानमंत्री की देश के प्रति कर्तव्यनिष्ठा और प्रेम को देखकर यह स्पष्ट किया जा सकता है कि देश की जनता भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को उतना ही प्रेम करती है जितना मोदी को अपने देश और देशवासियों से प्रेम है।

बहुजन जागरूकता मिशन ने किया बुद्ध वंदना एवं विचार गोष्ठी का आयोजन

गाजियाबाद, करंट क्राइम। गांव मंडावरा, सिकंदराबाद, जिला बुलंदशहर में रविवार को भारतीय संविधान के निर्माता, नारी के मुक्तिदाता, भारत रत्न बाबा साहब डॉ.भीमराव अम्बेडकर के संकल्प दिवस पर बहुजन जागरूकता मिशन के तत्वावधान में बहुजन जागरूकता मिशन के संरक्षक हरबीर सिंह, बौद्ध संगनी महारानी बौद्ध के नेतृत्व में उनके नवनिर्मित मकान में बुद्ध वंदना एवं विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। बोधाचार्य सर्वेश गौतम ने बुद्ध वंदना एवं धम्म देशना से सभी को अनुग्रहित किया। उसके पश्चात वक्ताओं द्वारा बाबा साहब के संकल्प दिवस, शिक्षा, संवैधानिक अधिकार और सामाजिक मुद्दों पर विस्तारपूर्वक चर्चा हुई। जिसमें काफी बड़ी संख्या में महिला, पुरुष और बच्चे शामिल हुए। वक्तगणों में राखी रावण, एड.अमर सिंह, जय सिंह कैन, एड.गंगाशरण (बबलू), घनश्याम बौद्ध, एड.राधेश्याम, वी.के वर्मा, जे.एस वर्मा आदि ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम में आए सभी वक्ताओं एवं मीडिया बंधुओं का हरबीर सिंह बौद्ध ने माला पहनाकर और शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया और सभी का साधुवाद किया। कार्यक्रम के मंच संचालक इंजी.एस.पी. गौतम ने कार्यक्रम में आए सभी अतिथियों, पुरुष, महिलाओं, बच्चों और वक्तागणों सभी का आभार प्रकट करते हुए धन्यवाद दिया। कार्यक्रम में प्रवेश कुमार बौद्ध (कोषाध्यक्ष), जुगनू गौतम (मीडिया), विजय राज (मीडिया), एड. राधेश्याम, मनोज कुमार, एड. योग सिंह, एड. मुकेश कुमार गौतम, रिटायर्ड एडीजी जे. एस. वर्मा, वी. के. वर्मा, हरेंद्र प्रेमी, अनिल कुमार, योगपाल, हरपाल, कंछिद सिंह, कृष्णवीर सिंह, जगपाल, रनवीर पटवारी, प्रत्यक्ष सिंह, पूनम सिंह, तृप्त सिंह, कुसुम, बॉबी (दीदी) एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे।

उत्तरांचल तथा पूर्वांचल समाज के लोगों के साथ नगर आयुक्त की बैठक

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। गाजियाबाद नगर निगम का सहयोग करने के लिए उत्तरांचल तथा पूर्वांचल समाज के लोग एकजुट होकर आगे आ रहे हैं जिसके क्रम में गाजियाबाद नगर निगम मुख्यालय में नगर आयुक्त के साथ बैठक हुई। बैठक में उत्तरांचल तथा पूर्वांचल भवन को निगम के द्वारा संचालित किया जाए चर्चा की गई। निगम अधिकारियों द्वारा उपस्थित जनों को अवगत कराते हुए बताया गया कि सर्वसम्मति से शहर हित तथा निगम हित में निर्णय लिया जाएगा। साथ ही उत्तरांचल तथा पूर्वांचल समाज की भावनाओं को महत्व देते हुए कार्य किया जाएगा चर्चा की गई। आगामी त्योहारों के लिए उत्तरांचल तथा पूर्वांचल भवन पूर्ण रूप से तैयार है। आवश्यक नियमानुसार कार्यवाही के क्रम में निर्णय लिया जाएगा। बैठक के दौरान मुख्य कर निर्धारण अधिकारी डॉक्टर संजीव सिन्हा भी उपस्थित रहे।

रीलबाज टू-स्टारों पर रहेगी मेलों में निगरानी

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में शहर में एक साथ कई रामलीलाओं का आयोजन शुरू होने वाला है। सुनने में आ रहा है कि कुछ ही दिनों के बाद जो रामलीला के मैदान खाली व अंधेरे में रहते थे वो रोशनी से जगमग होने वाले हैं। वहीं शहर से लेकर देहात तक होने वाली रामलीलाओं के आयोजन के लिए आधिकारिक स्तर पर पुलिस- प्रशासन तैयारी कर रहा है। तो वही थाना वार आयोजित होने वाले कार्यक्रमों का रिव्यू शुरू कर दिया गया है। पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्रों से जानकारी मिली है कि इस बार मेला प्रभारी और थाना प्रभारी ऐसे टू-स्टारों और पुलिसकर्मियों पर नजर रखने का काम करेंगे जो रीलबाजी में ज्यादा व्यस्त रहते हैं। दरअसल इन दिनों सोशल मीडिया पर पुलिसकर्मियों की वीडियो बहुत तेजी से वायरल होती है। जिसके बाद अधिकारियों द्वारा कार्रवाई वाला एक्शन लिया जाता है। इस क्रिया से बचने और पुलिस महकमें की छवि को बचाने के लिए इस बार रील बनाने वाले पुलिसकर्मियों पर खुद पुलिसकर्मी नजर रखने का काम करेंगे। उधर सूत्र बता रहे हैं कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में इस बार अंडर ट्रेनिंग उपनिरीक्षकों की बड़ी संख्या में तैनाती रहने वाली है। पुलिस कमिश्नरेट वाले पुलिस के सूत्रों से जानकारी मिली है कि इस बार आयोजन में ड्यूटी देने जा रहे अंडर ट्रेनी टू-स्टारों को पहले ही उनके थाने के प्रभारियों व एसीपी स्तर से हिदायत दी जाएगी कि कोई रीलबाजी नहीं करेगा। यह इनका पहला आयोजन होगा जिसमें यह टू-स्टार अपनी ड्यूटी को ठीक प्रकार से करें और ड्यूटी के दौरान एंटरटेनमेंट और फन से दूर रहें। इसीलिए इन पर निगरानी रखने का भी काम होगा। साथ ही अगर कोई भी अंडर ट्रेनिंग टू-स्टार रीलबाजी में लिप्त पाए गए तो इन पर कार्रवाई भी हो सकती है। पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि सिटी में आयोजित होने वाली आधा दर्जन से अधिक रामलीलाओं में इस बार सुरक्षा और अन्य जिम्मेदारियां की कमान टू-टारों पर ही रहने वाली है, जो अंडर ट्रेनिंग हैं। इसीलिए उनपर अधिक फोकस रहेगा। उधर पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि सितंबर के अंतिम सप्ताह से अधिकांश रामलीला शुरू हो रही हैं। इसमें पहले नगर बारात और शोभा यात्रा होगी, इसके बाद मेले वाली रौनक रामलीला मैदाने में शुरू हो जाएगी और पुलिस की टेंशन व अटेंशन भी।

ब्रॉन्ज मेडल जीतने के बाद पहली बार मोदीनगर पहुंची सिमरनमोदीनगर

करंट क्राइम। पेरिस ओलम्पिक में दो सौ मीटर दौड़ में कांस्य पदक जीतने वाली सिमरन शर्मा सोमवार को गाजियाबाद के मोदीनगर में जोरदार स्वागत किया गया। नगर पालिका परिषद कार्यालय सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें विधायक डॉक्टर मंजू शिवाच और पालिका अध्यक्ष विनोद वैशाली ने स्मति चिन्ह और शॉल ओढ़ाकर उनका स्वागत किया। स्वागत समारोह में सैकड़ों खिलाड़ी मौजूद रहे। पैरा एथलीट खिलाड़ी सिमरन शर्मा ने कहा कि यूएसए में होने वाले अगले ओलम्पिक में गोल्ड मेंडल जीतने का लक्ष्य अभी से बना लिया है। इससे पहले होने वाले पैरा एशियार्ड ,राष्ट्रमंडल प्रतियोगिता में गोल्ड जीतने का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि मोदीनगर में अंतरराष्ट्रीय स्तर का एथलीट ट्रैक होना चाहिए ताकि खिलाड़ियों को प्रैक्ट्रिस करने के लिए दिल्ली ना जाने पड़ा। मोदीनगर की कृष्णाकुंज कॉलोनी निवासी सिमरन शर्मा ने पेरिस पैरा ओलम्पिक में दो सौ मीटर दौड़ में कास्य पदक जीता है। सिमरन शर्मा ने बताया कि 100 मीटर दौड़ में वह पदक लाने से चुक गई तो थोड़ी निराशा हुई।

जिला बदर अपराधी हुआ गिरफ्तार

छिपाए रखे तमंचे से पुलिस पर चलाई गोली, जवाबी फायरिंग में बदमाश घायल

गाजियाबाद करंट क्राइम। गाजियाबाद की थाना मसूरी पुलिस ने क्षेत्र से जिला बदर अपराधी को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अपराधी में बताया कि वारदात का माल उसने छुपा कर रखा है। जिसको बरामद करवा सकता है। पुलिस के मुताबिक माल बरामदगी के नाम पर उसने पहले से छुपाये रखें तमंचे से पुलिस पर फायरिंग की। जवाबी फायरिंग में बदमाश को गोली लगी है। जिसको गिरफ्तार करके अस्पताल भेजा गया है।

गाजियाबाद में एसीपी मसूरी सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि थाना मसूरी पुलिस ने थाने से जिला बदर अपराधी राशिद पुत्र यासीन निवासी ग्राम नाहल थाना मसूरी को गिरफ्तार किया। जिसने पूछताछ में बताया कि उस पर एक दर्जन से अधिक संगीन मुकदमे कायम है। राशिद ने पुलिस को बताया कि चोरी से रिलेटेड एक माल वह बरामद करवा सकता है जो उसने छुपा कर रखा है। पुलिस राशिद को दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस वे गंग नहर पुल के पास लेकर गई। जहां राशिद ने पहले से तमंचा छुपा के रखा था। राशिद ने तमंचा निकालकर पुलिस पर फायर कर दिया। जवाबी फायरिंग में राशिद को गोली लगी है जिससे वह घायल हो गया। पुलिस ने राशिद को अस्पताल भर्ती कराया है।

दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे

गाजियाबाद करंट क्राइम। आज विकास खटाना का जन्मदिन है। जन्मदिन की खुशी हमेशा अपने सैलीब्रेट करते हैं। ये एक ऐसा दिन है जब आपके आने की खुशी पूरे परिवार को हई और फिर इस खुशी में धीरे धीरे जिंदगी के और भी किरदार शामिल हो गये। मित्रों की टोली ने अपने मित्र विकास खटाना के जन्मदिन को विशेष रूप से साझा किया। उन्होंने विकास खटाना के जन्मदिन पर उनकी लंबी आयु और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। उनके यशस्वी जीवन की कामना की।

राष्ट्रपति अनुरा कुमार ने बधाई के लिए पीएम मोदी को दिया धन्यवाद, कहा- साथ मिलकर करेंगे काम

कोलंबो । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को श्रीलंका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति अनुरा कुमार दिसानायके को बधाई दी और कहा कि वह द्विपक्षीय सहयोग को और मजबूत करने के लिए उनके साथ मिलकर काम करने के लिए उत्सुक हैं। पीएम मोदी के बधाई संदेश पर राष्ट्रपति दिसानायके ने कहा कि, वह द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रतिबद्धता से सहमत हैं।

श्रीलंका के नए राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके ने सोमवार को कहा कि, प्रधानमंत्री मोदी, आपका दयालु शब्दों और समर्थन के लिए धन्यवाद। मैं दोनों देशों के बीच के संबंधों को मजबूत करने की आपकी प्रतिबद्धता को साझा करता हूं। हम साथ मिलकर अपने लोगों और पूरे क्षेत्र के लाभ के लिए सहयोग बढ़ाने की दिशा में काम कर सकते हैं। शनिवार के चुनाव में जीत के बाद दिसानायके ने सोमवार को श्रीलंका के नए राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली।

श्रीलंका में शनिवार को राष्ट्रपति पद के लिए वोट डाले गए था। रविवार को इन चुनाव के नतीजों का ऐलान किया गया। जिसमें जनता विमुक्ति पेरामुना (जेवीपी) पार्टी के नेता और नेशनल पीपुल्स पावर (एनपीपी) गठबंधन के उम्मीदवार 55 वर्षीय दिसानायके को विजेता घोषित किया गया। श्रीलंका के राष्ट्रपति पद चुनाव में मार्क्सवादी नेता दिसानायके ने निकटतम प्रतिद्वंद्वी समागी जन बालवेगया (एसजेबी) के साजिथ प्रेमदासा को हराया। पूर्व राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे की पार्टी तीसरे स्थान पर रही।

अनुरा कुमारा दिसानायके के राष्ट्रपति पद की शपथ लेने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्वीट कर बधाई दी।

उन्होंने एक्स पर लिखा कि, श्रीलंका के राष्ट्रपति चुनाव में जीत पर अनुरा कुमारा दिसानायके को बधाई। भारत की पड़ोस प्रथम नीति और विजन सागर में श्रीलंका का एक विशेष स्थान है।

मैं हमारे लोगों तथा पूरे क्षेत्र के लाभ के लिए हमारे बहुआयामी सहयोग को और मजबूत करने हेतु आपके साथ मिलकर काम करने के लिए उत्सुक हूं।

छह साल की उम्र में कैलिफोर्निया से अगवा हुआ था बच्चा

वॉशिंगटन । अमेरिका से एक चौंकाने वाली खबर सामने आई है। दरअसल, यहां के पूर्वी तट से 73 साल पहले अगवा हुआ छह साल का बच्चा अब मिला है। 21 फरवरी 1951 में लुइस आमंडो अल्बिनो नामक एक बच्चे को कैलिफोर्निया के वेस्ट ओकलैंड के एक पार्क से अगवा कर लिया गया था। दशकों तक, उनका ठिकाना एक रहस्य बना रहा छह साल का बच्चा अब 79 साल का वृद्ध प्यूर्टो रिकान में जन्मे अल्बिनो अब 79 वर्ष के हैं।

वे पांच भाई-बहनों में से एक हैं। जब अल्बिनो अपने 10 साल के भाई रॉजर के साथ खेल रहे थे। उसी समय वहां एक महिला आई और टॉफी देने के बहाने बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गई थी।

सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने की भारत को लौटाई जा रहीं 297 प्राचीन धरोहरों पर गासेर्टी का बयान

न्यूयॉर्क । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अमेरिका यात्रा के दौरान यूएसए ने भारत से चुराई गई या तस्करी की गई 297 प्राचीन वस्तुएं औपचारिक रूप से सौंप दी हैं। अमेरिकी राजदूत एरिक गासेर्टी ने इसे सांस्कृतिक विरासत की ₹रक्षा और संरक्षण₹ के लिए दोनों देशों के बीच ₹साझा प्रतिबद्धता₹ का एक और उदाहरण बताया।

एरिक गासेर्टी ने सोमवार को एक्स पर एक पोस्ट में कहा, ₹सांस्कृतिक विरासत की सुरक्षा और संरक्षण के लिए अमेरिका-भारत की साझा प्रतिबद्धता का एक उदाहरण है। उन्होंने आगे लिखा कि, इन 297 पुरावशेषों की वापसी, अमेरिका और भारत के बीच जुलाई में हुए पहले 'सांस्कृतिक संपदा समझौते' के बाद एक और ठोस कदम है। जिसका उद्देश्य सांस्कृतिक विरासत की अवैध तस्करी को रोकना है।

इससे पहले रविवार को प्रधानमंत्री मोदी ने ह्यएक्सह्ल पर एक पोस्ट में कहा, सांस्कृतिक जुड़ाव को गहराते और सांस्कृतिक संपत्तियों की अवैध तस्करी के खिलाफ लड़ाई को मजबूत करते हुए। मैं भारत को 297 अमूल्य कलाकृतियां लौटाने के लिए राष्ट्रपति जो बाइडन और अमेरिकी सरकार का अत्यधिक आभारी हूं।

मोदी ने इन कलाकृतियों को लौटाने के लिए राष्ट्रपति जो बाइडन को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि ये वस्तुएं न केवल भारत की ऐतिहासिक संस्कृति का हिस्सा हैं बल्कि इसकी सभ्यता और चेतना का आंतरिक आधार भी हैं। अधिकारियों ने बताया कि इसके साथ ही भारत द्वारा 2014 से अब तक बरामद प्राचीन वस्तुओं की कुल संख्या 640 हो गयी हैं।

अकेले अमेरिका ने 578 वस्तुएं लौटायी हैं। यह किसी देश द्वारा भारत को लौटायी गयी सबसे अधिक सांस्कृतिक कलाकृतियां हैं।

विदेश मंत्रालय की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि, भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण में कार्यरत भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण और अमेरिकी विदेश विभाग के शैक्षिक एवं सांस्कृतिक मामलों के ब्यूरो ने दोनों देशों के बीच घनिष्ठ द्विपक्षीय संबंधों को बनाए रखने तथा बेहतर सांस्कृतिक समझ को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जुलाई, 2024 में एक सांस्कृतिक संपदा समझौते पर हस्ताक्षर किए थे।

सौंपी गई कुछ उल्लेखनीय पुरावशेष वस्तुओं की लिस्टः

दक्षिण भारत से प्राप्त कांस्य के बने भगवान गणेश, 17-18वीं शताब्दी ई. के 2000-1800 ईसा पूर्व से संबंधित उत्तर भारत से तांबे में तैयार मानवरूपी आकृति दक्षिण भारत से प्राप्त भगवान कृष्ण की कांस्य मूर्ति 17-18वीं शताब्दी की प्रतिमा है। दक्षिण भारत से प्राप्त ग्रेनाइट में निर्मित भगवान कार्तिकेय की 13-14वीं शताब्दी की मूर्ति दक्षिण भारत की पत्थर की मूर्ति पहली शताब्दी ईसा पूर्व से पहली शताब्दी ईसवी तक की है उत्तर भारत से प्राप्त बलुआ पत्थर से बनी।

अब थमेगी ढाई साल से चल रही रूस-यूक्रेन जंग

वॉशिंगटन । यूक्रेन और रूस के बीच ढाई साल से अधिक समय से जंग जारी है। यह युद्ध फिलहाल थमता नजर नहीं आ रहा। हालांकि, यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की युद्ध को समाप्त

करना चाहते हैं। उन्होंने इसके लिए एक योजना भी बनाई है। अब इसी योजना को रखने के लिए वह रविवार को संयुक्त राज्य अमेरिका पहुंचे। विक्ट्री प्लान तैयार जेलेंस्की अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के साथ-साथ उप राष्ट्रपति कमला हैरिस और पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के समक्ष अपने प्रस्ताव को रखेंगे। वह इस प्रस्ताव को विक्ट्री प्लान यानी 'जीत की योजना' नाम दे रहे हैं।

इस्राइल में तनाव के कारण आज नहीं मनेगा हाइफा दिवस, जानें भारतीय जांबाजों से कनेक्शन

यरुशलम । प्रथम विश्व युद्ध के दौरान उत्तरी इस्राइल के तटीय शहर हाइफा पर ऑटोमन साम्राज्य यानी जर्मनी, ऑस्ट्रिया और हंगरी का संयुक्त कब्जा था। इसी शहर को संयुक्त सेना के कब्जे से छुड़ाने के लिए भारतीय सेना के जवानों ने अपना पराक्रम दिखाया था। 23 सितंबर, 1918 यानी 106 साल पहले का यह संघर्ष तब से लेकर आज तक दुनिया को यह बताता रहा है कि भारतीय सेना के पराक्रम के आगे किसी की कुछ भी नहीं चलती चाहे दुश्मन कितना ही ताकतवर और हथियारों से लैस क्यों ना हो। ऐसे में इस साल प्राण न्योछावर करने वाले बहादुर भारतीय सैनिकों को श्रद्धांजलि देने के लिए एक कार्यक्रम आयोजित करने का फैसला लिया था, जिसे अब रद्द कर दिया गया है। यह फैसला पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के कारण लिया गया है।

इस्राइल और लेबनान समर्थक हिजबुल्ला एक दूसरे पर हमला करना जारी रखे हुए हैं। इससे तनाव बढ़ गया है। इस्राइल होम फ्रंट कमांड को नागरिकों को एहतियाती सलाह देने को कहा गया है। संरक्षित आश्रयों के पास 10 लोगों को बाहरी सभा करने और 100 लोगों को इनडोर समारोह करने की अनुमति है। एक अधिकारी ने बताया, 'वर्तमान हालातों को देखते हुए भारतीय दूतावास द्वारा हाइफा में 23 सितंबर को आयोजित किए जाने वाले हाइफा दिवस समारोह को रद्द किया जा रहा है।'

हर साल 23 सितंबर को मनाया जाता हाइफा दिवस

गौरतलब है, इस्राइल के हाइफा शहर में हर साल 23 सितंबर को इन भारत के वीर सैनिकों की याद में हाइफा दिवस मनाया जाता है और तीन भारतीय कैवलरी रेजिमेंट मैसूर, हैदराबाद और जोधपुर लांसर, जो तब की 15 इंपीरियल सर्विस कैवलरी ब्रिगेड का हिस्सा था, उन्हें श्रद्धांजलि दी जाती है। इस्राइल में इस दिवस की शुरूआत साल 2003 से शुरू हुई थी।

सौ से अधिक साल पुराने युद्ध की कहानी

अब आपको जिस युद्ध के बारे में हम आपको बताने जा रहे हैं उसको सुनकर आप भी भरोसा नहीं कर पाएंगे कि उत्तरी इस्राइल के एक शहर हाइफा के इस संघर्ष में भारत की सेना के पराक्रम की गाथा आखिर क्यों गाई जाती है।

दरअसल प्रथम विश्वयुद्ध के दौरान इस शहर पर ऑटोमन साम्राज्य यानी जर्मनी, ऑस्ट्रिया और हंगरी का संयुक्त कब्जा था। इसी शहर को संयुक्त सेना के कब्जे से छुड़ाने के लिए भारतीय सेना के जवानों ने अपना पराक्रम दिखाया था।

पीएम मोदी- सेमीकंडक्टर को लेकर भारत गंभीर रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म हमारा मंत्र

नई दिल्ली । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिका दौरे के दूसरे दिन न्यूयॉर्क के इनडोर स्टेडियम में प्रवासी भारतीयों को संबोधित किया। इसके अलावा प्रधानमंत्री ने दुनिया की दिग्गज टेक कंपनियों के शीर्ष पदाधिकारियों के साथ राउंड टेबल बैठक भी की। आज प्रधानमंत्री संयुक्त राष्ट्र महासभा में समिट ऑफ फ्यूचर को संबोधित करेंगे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ प्रौद्योगिकी कंपनियों के प्रमुख उएड की राउंड टेबल बैठक के बाद होलटेक इंटरनेशनल के उएड क्रिस सिंह ने कहा, ₹प्रधानमंत्री ने मुझसे कहा कि वह भारत को ऊर्जा के मामले में स्वतंत्र बनाना चाहते हैं, वह देश में स्वच्छ ऊर्जा को तेजी से बढ़ाना चाहते हैं और यह बैठक स्वच्छ ऊर्जा के लिए थी। मैंने उन्हें समझाया कि मौजूदा कोयला संयंत्रों को हमारे छोटे मॉड्यूलर रिएक्टरों में बदला जा सकता है, संयंत्र की क्षमता तीन गुना बढ़ जाएगी। प्रधानमंत्री मुद्दे को समझते हैं, चुनौतियों को समझते हैं

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ प्रौद्योगिकी कंपनियों के प्रमुख उएड की राउंड टेबल बैठक के बाद एली लिली के उएड डेविड रिक्स ने कहा, ₹हमने प्रधानमंत्री मोदी के साथ प्रौद्योगिकी की उन्नति, अकऔर जैव प्रौद्योगिकी के उपयोग और आर्थिक रूप से उभरती महाशक्ति के रूप में भारत के विकास के बारे में विचारों का आदान-प्रदान करने के लिए एक शानदार बैठक की। भारत में हमारे पास पहले से ही एक बड़ा शोध-आधारित केंद्र है। साथ इसे साझा करने पर बहुत गर्व है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ प्रौद्योगिकी कंपनियों के प्रमुख उएड की राउंड टेबल बैठक के बाद ल्ढ कल्लू. के उएड एनरिक लोरेस ने कहा, ₹...हम स्पष्ट रूप से प्रधानमंत्री द्वारा यह जानने और समझने के लिए आभारी हैं कि हमें भारत में विस्तार जारी रखने के लिए क्या चाहिए। हमने अभी घोषणा की है कि हम भारत में अपनी विनिर्माण क्षमताओं का विस्तार कर रहे हैं। इसलिए हमें प्रधानमंत्री के

टेक दिग्गजों को प्रधानमंत्री मोदी ने दिया खास संदेश तकनीक को विकसित भारत का स्तम्भ बताया

न्यूयॉर्क । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने तीन दिवसीय अमेरिकी दौरे के दूसरे दिन अमेरिक की दिग्गज टेक कंपनियों के सीईओ के साथ एक राउंडटेबल (गोलमेज) मीटिंग में हिस्सा लिया। इसी मीटिंग में पीएम मोदी ने भारत की विकास संभावनाओं पर जोर दिया और विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को बढ़ावा देने की बात कही है।

राउंड टेबल बैठक में बोलते हुए पीएम मोदी ने कहा कि पिछले साल जब मैं वाशिंगटन आया था, तब मैं एक कार्यक्रम में शामिल हुआ था, तब भी मुझे आपमे से कई साथियों से मिलने का मौका मिला था। आज एक साल बाद यहां दुनिया के बड़े-बड़े इन्नोवेटर के साथ बैठक कर मैं गर्व महसूस कर रहा हूं। प्रधानमंत्री ने कहा कि, मैं जो ऊर्जा और उत्साह देख रहा हूं और भारत के प्रति जो भरोसा देख रहा हूं। ये वाकई बहुत सुखद है, क्योंकि जब आप जैसे विशेषज्ञ बदलती हुई दुनिया और भारत की संभावनाओं के विषय में कोई बात बताते हैं, तब भारत में भी नीति-निर्धारण के विषय में हमारा विश्वास बढ़ जाता है।

उन्होंने आगे कहा कि, 21वीं सदी प्रौद्योगिकी संचालित है। जीवन का शायद ही कोई क्षेत्र ऐसा है, जिसे प्रौद्योगिकी संचालित न करती हो। लेकिन ऐसे समय में सिर्फ प्रौद्योगिकी या प्रौद्योगिकी + लोकतंत्र का एक संतुलन बहुत जरूरी है। क्योंकि लोकतांत्रिक मूल्य और तकनीकी का मिलना मानव कल्याण की गारंटी देता है।

उन्होंने कहा कि जब दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र तेजी से आगे बढ़ेगा , तो वैश्विक शांति और समृद्धि का भी एक आश्वासन उससे प्राप्त होता है। प्रौद्योगिकी विकसित भारत की यात्रा का एक अहम स्तंभ है। इसलिए आज हमने भारत में तकनीकी सहयोग और निवेश के लिए अभूतपूर्व संभावनाएं खड़ी की है।

हिजबुल्ला के 400 ठिकानों पर हुई बमबारी

हाइफा । गाजा युद्ध का दंश झले रहे पश्चिम एशिया के एक और मोर्चे पर वार-पलटवार तेज हो गया है। लेबनान समर्थक हिजबुल्ला ने रविवार को उत्तरी इस्राइल के भीतरी व व्यापक क्षेत्र में 115 से अधिक रॉकेट दागे। इसके जवाब में इस्राइल के लड़ाकू विमानों ने हिजबुल्ला के 400 के करीब

ठिकानों पर बमबारी की। इनमें हिजबुल्ला के रॉकेट लॉन्चर शामिल थे। इस्राइल के इस हमले को करीब एक साल से जारी संघर्ष की सबसे भीषण बमबारी माना जा रहा है। इस्राइली सेना के प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल नादव शोशानी ने बताया कि उनकी सेना ने हिजबुल्ला के 400 ठिकानों पर भीषण बमबारी की।

पीएम मोदी के 'डिजिटल इंडिया विजन' के फैन हुए टेक दिग्गज, बोले- भारत संग साझेदारी गर्व की बात

न्यूयॉर्क । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने अमेरिकी दौरे के दूसरे दिन दुनिया की दिग्गज कंपनियों के सीईओ से मुलाकात की। पीएम मोदी ने इस राउंडटेबल बैठक में टेक कंपनियों के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों से टेक्नोलॉजी और इनोवेशन संबंधी विषयों पर चर्चा की। जिसमें कटिंग-एज टेक्नोलॉजी जैसे कि एआई, क्वांटम कम्प्यूटिंग और सेमीकंडक्टर के क्षेत्र में साझेदारी को लेकर बात हुई।

पीएम मोदी के साथ इस राउंडटेबल बैठक में गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई, एडोबी के सीईओ शांतनु नारायण, आईबीएम के सीईओ अरविंद कृष्णा, एएमडी की सीईओ लिसा सु, मॉडर्ना के सीईओ नूबर अफयान, एनवीडिया के सीईओ जेन्सेन हुआंग, होलटेक इंटरनेशनल के सीईओ क्रिस सिंह और एक्सेंचर की सीईओ जूली स्वीट समेत कई टेक क्षेत्र के शीर्ष अधिकारी शामिल हुए। पीएम मोदी से मुलाकात के बाद गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई ने कहा कि, प्रधानमंत्री भारत को ट्रांसफॉर्म करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। यह डिजिटल इंडिया विजन है। उन्होंने हमें भारत में निर्माण, भारत में डिजाइन जारी रखने के लिए प्रेरित किया। हमें अब अपने पिक्सेल फोन भारत में निर्मित करने पर गर्व है। वे वास्तव में इस बारे में सोच रहे हैं कि अकभारत को किस तरह से बदल सकता है जिससे भारत के लोगों को लाभ हो। उन्होंने हमें स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा, कृषि में अनुप्रयोगों के बारे में सोचने के लिए चुनौती दी और वे भारत के बुनियादी ढांचे के बारे में भी सोच रहे हैं - चाहे वह डेटा सेंटर हो, बिजली हो, ऊर्जा हो और यह सुनिश्चित करने के लिए निवेश करना हो कि भारत बदलाव कर सके और हमें भारत के साथ साझेदारी करने पर गर्व है।

पिचाई ने बताया कि, हम भारत में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस(एआई) में मजबूती से निवेश कर रहे हैं और हम और अधिक करने के लिए तत्पर हैं। हमने कई कार्यक्रम और साझेदारियां तय की हैं... उन्होंने हमेशा हम सभी को भारत के लिए और अधिक करने के लिए चुनौती दी है। अब, वह हमसे एआई के साथ भी ऐसा ही करने के लिए कह रहे हैं। उनके पास एक स्पष्ट दृष्टिकोण है, दोनों ही मामलों में अकद्वारा बनाए जाने वाले अवसर के संदर्भ में लेकिन वह यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि अंततः एआई भारत के लोगों को लाभ पहुंचाए और उनका एक स्पष्ट दृष्टिकोण है कि यह सब भारत के लोगों के लिए होना चाहिए। वे हमें और अधिक करने के लिए चुनौती दे रहे हैं। एनवीडिया के सीईओ जेन्सेन हुआंग- वहीं एनवीडिया के सीईओ जेन्सेन हुआंग ने कहा, मैंने प्रधानमंत्री के साथ कई बैठकों का आनंद लिया है ।

श्रीलंकाई प्रधानमंत्री गुणवर्धने का इस्तीफा राष्ट्रपति दिसानायके के शपथग्रहण से पहले लिया फैसला

कोलंबो । अनुरा कुमारा दिसानायके ने सोमवार को श्रीलंका के नौवें राष्ट्रपति के तौर पर शपथ ली। उनसे देश की अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने और भ्रष्टाचार खत्म करने की उम्मीदें हैं। प्रधान न्यायाधीश जयंत जयसूर्या ने राष्ट्रपति सचिवालय में दिसानायके (65) को शपथ दिलाई। उनके शपथ ग्रहण से कुछ घंटे पहले प्रधानमंत्री दिनेश गुणवर्धने ने देश में सत्ता हस्तांतरण के तहत अपने पद से इस्तीफा दे दिया। गुणवर्धने (75) जुलाई 2022 से इस द्वीप देश के प्रधानमंत्री पद पर काबिज थे। गुणवर्धने ने दिसानायके को संबोधित कर लिखे पत्र में कहा कि वह नया राष्ट्रपति निर्वाचित होने के कारण पद से इस्तीफा दे रहे हैं और वह नए मंत्रिमंडल के गठन के अनुकूल माहौल बनाएंगे।

व्यापक जन आंदोलन के बाद पहला चुनाव : ह्यमार्क्सवादी जनता विमुक्ति पेरामुना पार्टीह्ल के विस्तृत मोर्चे ह्यनेशनल पीपुल्स पावरह्ल के (एनपीपी) नेता दिसानायके ने शनिवार को हुए चुनाव में अपने करीबी प्रतिद्वंद्वी ह्यसमागी जन बालवेगयाह्ल (एसजेबी) के साजिथ प्रेमदासा को हराया। यह देश में आर्थिक संकट के कारण 2022 में हुए व्यापक जन आंदोलन के बाद पहला चुनाव है। इस जन आंदोलन में गोटबाया राजपक्षे को अपदस्थ कर दिया गया था।

पहली बार देश को संबोधित किया

दिसानायके ने चुनाव जीतने के बाद पहली बार देश को संबोधित करते हुए जनादेश का सम्मान करने और शांतिपूर्ण सत्ता हस्तांतरण के लिए पूर्व राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे का आभार जताया।

देश के निर्वाचन आयोग को राष्ट्रपति चुनाव में किसी भी उम्मीदवार को जीत के लिए जरूरी 50 प्रतिशत से अधिक वोट नहीं मिलने के बाद रविवार को इतिहास में पहली बार दूसरे दौर की मतगणना कराने का आदेश देना पड़ा था। दिसानायके ने 57.4 लाख वोट हासिल करते हुए चुनाव जीत लिया, जबकि प्रेमदासा को 45.3 लाख वोट मिले। **भ्रष्टाचार के मुद्दे पर लड़ा था चुनाव :** चुनाव के दौरान दिसानायके के भ्रष्टाचार विरोधी संदेश और राजनीतिक संस्कृति बदलने के वादे ने युवा मतदाताओं को आकर्षित किया जो आर्थिक संकट के बाद से राजनीतिक व्यवस्था बदलने की मांग करते रहे हैं।

पीएम मोदी के लिए प्रवासी भारतीयों में जबरदस्त दीवानगी

न्यूयॉर्क । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी न्यूयॉर्क के नासाउ कोलेजियम में भारतीय समुदाय के लोगों को संबोधित किया। इस दौरान पीएम को सुनने के लिए बड़ी

तादात में भारतीय पहुंचे। पीएम मोदी ने अपने संबोधन के दौरान अमेरिका के साथ भारत के बढ़ते संबंधों पर विस्तार से बात की। उन्होंने बड़ी संख्या में मौजूद लोगों को कार्यक्रम में आने के लिए धन्यवाद दिया। न्यूयॉर्क के इनडोर स्टेडियम में भारतीय प्रवासियों को संबोधित करते हुए अमेरिका के बोस्टन और लॉस एंजिल्स में दो नए वाणिज्य दूतावास खोलने की घोषणा की।

गिलहरियों के कारण यात्रियों को खाली करना पड़ा कोच मशक्कत के बाद नहीं बनी बात तो रद्द करनी पड़ी ट्रेन

लंदन । आमतौर पर आपने सुना होगा कि, खराब मौसम या फिर तकनीकी दिक्कतों के चलते ट्रेन को रद्द कर दिया गया। लेकिन मैं आपको बताऊं कि, एक गिलहरी के ट्रेन में घुसने के कारण उसे रद्द करना पड़ा। शायद आप विश्वास नहीं करेंगे, लेकिन ऐसा सच में हुई है। मामला है ब्रिटेन का। जहां इस घटना के चलते कई ट्रेनों के संचालन पर भी असर हुआ। ट्रेन में चढ़ा गिलहरियों का जोड़ा ग्रेट वेस्टर्न रेलवे (जीडब्ल्यूआर) ने इस घटना की जानकारी देते हुए बताया कि ब्रिटेन में एक ट्रेन को इसलिए रद्द करना पड़ा क्योंकि उसमें गिलहरियों का एक जोड़ा चढ़ गया था और उसमें एक ने ट्रेन से उतरने से इनकार कर दिया। घटना शनिवार सुबह 8:54 बजे की है। जब दक्षिणी इंग्लैंड के रीडिंग से चलकर गैटविक एयरपोर्ट को जाने वाली ट्रेन में गिलहरियों का जोड़ा चढ़ गया था। जिसे गंतव्य तक पहुंचे से पहले रद्द

करना पड़ा।

एक ने ट्रेन से उतरने से किया इनकार

जीडब्ल्यूआर ने बताया कि गिलहरियों के पीछे वाले डिब्बे में घुसने के बाद यात्रियों को ट्रेन के दूसरे हिस्से में जाना पड़ा। जिसके बाद ट्रेन मैनेजर ने उस पूरे डिब्बे को लॉक कर दिया। जब ट्रेन रेडहिल पहुंची तो स्टाफ ने इन गिलहरियों को भगाने की कोशिश की, लेकिन एक गिलहरी ने उतरने से इनकार कर दिया। काफी कोशिशों के बाद जब ट्रेन नहीं उतरीं तो मजूबर रेल प्रशासन को ट्रेन रद्द करनी पड़ी।

वापस भेजनी पड़ी ट्रेन

रेलवे के प्रवक्ता की ओर से जारी बयान में कहा गया कि, 0854 रीडिंग से गैटविक जाने वाली ट्रेन को रेडहिल पर रोक दिया गया, क्योंकि कुछ गिलहरियाँ रेलवे उपनियमों का उल्लंघन करते हुए गोमशाल से बिना टिकट के ट्रेन में चढ़ गईं। हमने रेडहिल में उन्हें हटाने का प्रयास किया, लेकिन एक ने जाने से इनकार कर दिया और इसके बाद हमने ट्रेन को वापस रीडिंग भेज दिया।

वुडलैंड ट्रस्ट के अनुसार, ब्रिटेन में अनुमानित 2.7 मिलियन ग्रे गिलहरी हैं और उनकी आबादी बढ़ रही है।

पिछले साल दिसंबर में इसी तरह की एक घटना सामने आई थी। वेयब्रिज और लंदन वाटरलू के बीच एक ट्रेन की सीट के नीचे एक हेजहॉग छिपा हुआ पाया गया था।

कॉन्सेप्ट
दीपक भाटी

डिजाइन
नरेश शर्मा

कुर्सी स्वयंवर
धूम मचा दे - टिकट करा दे

शहर विधानसभा उपचुनाव

प्रस्तुति करंट क्राइम

Episode 1

गाजियाबाद के आसमान में अचानक आकाशवाणी होती है। जिसमें विधानसभा उपचुनाव की घोषणा का उद्घोष होता है।

SCENE 1

SCENE 2

वहीं आकाशवाणी की घोषणा सुनकर प्रतिनिधि राजेंद्र मित्तल मैदी, सांसद अतुल गर्ग के पास पहुंचते हैं।

SCENE 3

सांसद अतुल गर्ग से आदेश मिलते ही राजेंद्र मित्तल मैदी अपने प्रिय अनुज मित्तल और दिवाकर सिंघल को मुनादी के काम में लगा देते हैं।



SCENE 4 (वार्ता एक)

मित्तल-सिंघल की मुनादी के बाद शहर में टिकट स्वयंवर की तैयारी को लेकर चर्चाएं उफान पर आ जाती हैं।

SCENE 4 (वार्ता दो)

SCENE 4 (वार्ता तीन)

SCENE 4 (वार्ता चार)

SCENE 5

इन सभी चर्चाओं की बीच सभी विधायक सांसद अतुल गर्ग के पास अपना विरोध प्रकट करने पहुंचते हैं। आपसी बातचीत के बाद अंत में सहमति बन जाती है।

SCENE 6

कहानी आने वाले समय में और भी रोचक होगी। इसलिए पढ़ते रहिए अपना पसंदीदा नंबर वन अखबार दैनिक करंट क्राइम। पिक्चर अभी बाकी है मेरे दोस्त....!

नोट : दैनिक करंट कॉमिक की ये सीरीज पूरी तरह से हमारी कल्पना पर आधारित है। पोलिटिकल किरदारों के साथ लिए गए शब्द हमारी काल्पनिकता के आधार पर लिखे गए हैं।